

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-05 सीहोर, शनिवार 15 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 9 विभूतियों का हुआ सम्मान

# राष्ट्रभक्ति किराये का घर नहीं होती अंदर का ओज है : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

## श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने देश भक्ति की सीख के साथ ही साहित्य और समाज को बहुत कुछ दिया है- रघु ठाकुर





नर्मदापुरम (निप्र)। स्व. श्री विचित्र कुमार सिन्हा देश भक्त थे उन्होंने साहित्य के साथ ही देश भक्ति की जो अलख जगाई है वह अनुकरणीय रही है। साहित्य समाजसेवा, पत्रकारिता के साथ ही श्री सिन्हा कई मामलों में सबसे अलग थे। गुना में जन्में, भोपाल उज्जैन और तत्कालीन होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम में उन्होंने राष्ट्र हित समाज हित के कार्य किए। उनके पुत्र के के सक्सनो और पोता विलक्षण सक्सेना के द्वारा समाज को अनुकरणीय सीख दे रहे हैं।यह बात विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर ने शुक्रवार को नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरिम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री ठाकुर ने कहा कि श्री सिन्हा ने नारी शक्तिकरण के क्षेत्र में भी बहुत सराहनीय कार्य किए। उनका चिंतन समाजवाद के इर्द गिर्द रहा है। उनकी बेवाकपन की शक्ति उस समय के साहित्यकारों के लिए प्रेरणा का कार्य करती थी। प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन के साथ भी उन्होंने कविताएं पढ़ी है। उनके समकालीन कवियों को उनसे बहुत कुछ सीखनों को मिलता था। श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने देश भक्ति, साहित्य और समाज को बहुत कुछ दिया है। उनके कार्य किसी एक क्षेत्र में सीमित नहीं थे तभी तो उनका नाम विचित्र कुमार सिन्हा हुआ।सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। हमारे स्व, विचित्र कुमार सिन्हा ने जो देशहित के लिए राष्ट्र भाव जाग्रत किया यह एक मिशाल है। देश को आजाद कराने में श्री सिन्हा जैसे सेनानियों के योगदान का ही परिणाम है कि देश आजाद हो सका। सांसद दर्शन सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति किराए का घर नहीं होती, देशहित में मरना पडे तो भी देश भक्ति करने वाले पीछे नहीं हटते हैं। हमारे विचित्र कुमार सिन्हा जी जो भले ही स्वर्गीय कहला रहे हो लेकिन उन्होंने जो प्रेरणा दी है उनके बताए मार्ग पर हम चल कर देश को नई दिशा दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि शुभ कार्य हो उस कर्म में यदि कोई भी जागृति हमारे इस कार्यक्रम से आयी हो तो मैं इस कार्यक्रम की सफलता मानता हूँ। श्री सिन्हां के उन संकल्पों को आगे बढ़ाने का काम भी करेंगे क्योंकि ये भारत भूमि जिन विपदाओं से गुजरी है उनको याद करके रोंगटे खडे होते हैं। उन्होंने कहा कि देश आजाद 15 अगस्त 1947 को हुआ है। लेकिन गुलाम कब हुआ था इसका जबाब कोई के पास नहीं है। और वो ही गुलामी की ज़ंजीर यदि किसी ने तोड़ी है तो यह विचित्र कुमार सिन्हा के रूप में ऐसे अनेक शहीदों ने जिन्होंने उस स्मृति को वही तो और गुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने स्व श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी की कविता का वाचन किया। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा जी ने जिस निर्भीकता के साथ कविता लिखी वह अपने आप में एक बडा कार्य था। स्वतंत्रता के आंदोलन में हिस्सा लेकर जेल में बंद होकर भी समझौता नहीं किया। डॉ शर्मा ने श्री कृष्ण सरल जी की कविता का भी वाचन किया। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों की सराहना की।आयोजन समिति के अध्यक्ष दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना ने समिति के द्वारा पूर्व में भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।नर्मदापुरम के पूर्व कमिश्नर बीके बाथम ने कहा कि वर्तमान समय में केके सक्सेना जैसे पुत्र अपने पिता की स्मृति में जिस प्रकार से लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उनकी स्मृति का संजोए हुए हैं यह समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है।

### सड़क के नाम का प्रस्ताव नपा की परिषद में रखा जाएगा

नपा के उपाध्यक्ष अभव वर्मा ने कहा कि समिति के द्वारा नगर पालिका से मांग की गई है कि स्व. विचित्र कुमार सिन्हा के नाम से नर्मदा महाविद्यालय के सामने से सर्किट हाउस तक मार्ग का नामकरण श्री सिन्हा के नाम से किया जाए। इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया गया है। नपाध्यक्ष की ओर से सहमति दी गई है। इस प्रस्ताव को परिषद की आगामी बैठक में रखा जाएगा।

### 9 विभूतियां का हुआ सम्मान

स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्मानित किया गया। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं श्री गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया के स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने पर उनका सम्मान उनके भांजे पियूष मिश्रा को दिया गया। समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया गया। समारोह में आयोजन समिति के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, पंकज शुक्ला, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, कमलेश चौधरी, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ समाजसेवी पं भवानी शंकर शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता केके थापक, रामराज सिंह ठाकुर, जया कदम, सहित अन्य अधिवक्ता गण कालेज के प्राचार्य रामकुमार चौकसे, पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, आशीष दीक्षित, विपिन महंत, सहित अन्य अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।संचालन विलक्षण सक्सेना ने तथा आभार प्रदर्शन बलराम शर्मा ने किया।

## फोल्डर का हुआ विमोचन



नर्मदापुरम। समारोह में जिन विभूतियों का सम्मान किया गया उनके जीवन परिचय के फोल्डर का अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया। फोल्डर का वितरण भी किया गया।

## पत्रकार कमलेश चौधरी का रक्तदान करने पर सम्मान



नर्मदापुरम। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साहित्यकार मूर्धन्य पत्रकार कवि लेखक विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में रक्तदान भी हुआ। इस श्रृंखला में नर्मदांचल पत्रकार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजसेवी कमलेश चौधरी के द्वारा रक्तदान कर अनुकरणीय पहल प्रस्तुत करने पर समिति के द्वारा उनका सम्मान किया गया। श्री चौधरी के द्वारा की गई पहल को सभी ने सराहा। उनके सम्मान में पूरे हाल में विराजमान नागरकों ने तालियों की गडगडाहट से सम्मान किया।

## केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों की साढ़े 3 घंटे चली बैठक बेनतीजा



चंडीगढ़ (ए)। केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल की चंडीगढ़ में 5वें दौर की मीटिंग बेनतीजा रही। हालाँकि कुछ सकारात्मक संकेत भी मिले। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर चिंता जताई। अब अगली मीटिंग 22 फरवरी को होगी। 22 तारीख की मीटिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद होंगे।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि किसान नेताओं के साथ हमारी अच्छे माहौल में मीटिंग हुई। हमने किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। हमने उन्हें किसानों के लिए बजट में लिए गए फैसलों के बारे में बताया।

## 20 फरवरी से पहले दिल्ली के सीएम का होगा शपथ ग्रहण

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिली है और आप की पराजय हुई है। अब दिल्ली का नया मुख्यमंत्री कौन होगा। इसे लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। दिल्ली के नए सीएम के चयन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर बीजेपी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हमें इसे 20 तारीख से पहले करना है। यह 17 या 18 तारीख को हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी के रजौरी विधानसभा सीट से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया है कि दिल्ली में सीएम पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जल्द हमारी बैठक होगी। एक-दो दिनों में पता चल जाएगा। हमें इसे 20 तारीख से पहले करना है। यह 17 या 18 तारीख को हो सकता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिली है और आप की पराजय हुई है। अब दिल्ली का नया मुख्यमंत्री कौन होगा। इसे लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि बीजेपी नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री विदेश दौरे से वापस आएंगे। उसके बाद इस सीएम पद को लेकर निर्णय किया जाएगा। दिल्ली के नए सीएम के चयन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हमें इसे 20 तारीख से पहले करना है।

## ट्रंप ने पीएम मोदी का किया स्वागत, बोले- हमने आपको बहुत मिस किया!



वॉशिंगटन(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया और हाथ मिलाया। ट्रंप ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कहा, हमने आपको बहुत मिस किया। इसके बाद ट्रंप ने पीएम मोदी का परिचय अन्य अधिकारियों से कराया, जिनमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूएस डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख ईलॉन मस्क भी शामिल थे।

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले व्हाइट हाउस पर भारतीय झंडे लगाए गए। पीएम मोदी उन चुनिंदा वैश्विक नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका के नए राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यभार संभालने के तीन हफ्ते के भीतर आमंत्रित किया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक को लेकर एक्स पर पोस्ट शेयर की और लिखा, व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ बेहतरीन बैठक हुई। हमारी बातचीत भारत-अमेरिका दोस्ती को नई गति देगी!

## महाकुंभ को बदनाम करने वालों पर पुलिस सख्त, 54 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। महाकुंभ 2025 की जहां एक तरफ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे तत्व भी कम नहीं हैं, जो सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट करके सनातन धर्म के इस सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यूपी पुलिस ऐसे कुत्सित प्रयास करने वालों से सख्ती बरत रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस सोशल मीडिया पर 24X7 पैनी नजर रख रही है। इसी क्रम में पुलिस ने अब तक 54 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए जनता में अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे।

## विद्यार्थी विश्वास और सकारात्मक भाव से परीक्षा में हो शामिल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दीं शुभकामनाएं



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी स्वयं में विश्वास रखते हुए सकारात्मक भाव से परीक्षा में शामिल हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल से आरंभ हो रहीं, सीबीएसई की कक्षा दसवीं की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षाओं को सामान्य गतिविधि के भाव से लें, परीक्षाओं का अनावश्यक तनाव न रखें, मन पर भार रखने से परिणाम अनुकूल नहीं आते हैं। विद्यार्थी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आनंद के साथ परीक्षा देने के मार्ग का अनुसरण करें, अपनी क्षमता, योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। यह भाव न रखें कि यह परीक्षा ही अंतिम है, ऐसे कई प्रसंग हैं जहां परीक्षाओं में असफल होने वालों ने जीवन के अन्य क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां अर्जित कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के लिए मीडिया के माध्यम से जारी संदेश में यह बात कही।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी ने की सौजन्य भेंट

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री श्री योगी का पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने उ.प्र. के मख्यमंत्री का अंगवस्त्रम ओढ़ाकर व राजाभोज की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।




## करप्शन मामले में दुनिया में मप्र सबसे करप्ट राज्य : जीतू पटवारी



भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि मप्र करप्शन का पर्याय बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि आप गूगल में सर्च करेंगे कि सबसे करप्ट राज्य कौने सा हैं तो मप्र सबसे करप्ट राज्य में सामने आयेगा। मप्र का चेहरा भाजपा ने कलंकित किया है। चाहे व्यापमं को लेकर हो, नर्सिंग हो, सौरभ शर्मा मामला, भर्ती मामला हो, चाहे कर्ज से लेकर आर्थिक राशि की राजनैतिक लूट का मामला हो या चारित्रिक रूप से भाजपा का अमर्यादित चेहरा बना हुआ है, वह मप्र को शर्मसार करता है। करप्शन की नयी-नयी विधायें भाजपा ने निकाली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जो मेंडेड दिया जो जीता वह सिकन्दर, एक साल से हम मप्र में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं।जीतू पटवारी ने कहा कि विपक्ष का मानना है कि मोहन यादव सरकार को सकारात्मक सहयोग करें, लेकिन प्रदेश में जो भाजपा सरकार चल रही है, उसका काम करने का तरीका पूरा उलट है। उन्होंने कहा कि करप्शन के सामने लड़ाई लड़ना है तो 300 से अधिक अधिकारी ऐसे हैं जिन पर लोकायुक्त में मामला दर्ज हैं, भाजपा उन पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती। जो विपक्ष की भूमिका निभाकर सरकार की कार्यप्रणाली में खामियां बताते हैं और अपेक्षा करते हैं कि यह दूर होगी तो सरकार अच्छे से चलेगी।





# वैश्विक चुनौतियों का समाधान देगा बुद्ध में है विश्व का भविष्य, युद्ध में नहीं का विचार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से कर रहे हैं विश्व का मार्गदर्शन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक चुनौतियों का समाधान युद्ध में नहीं बुद्ध में मानते हैं। सनातन संस्कृति में कई सभ्यताओं के आविर्भाव से पहले ही वसुधैव कुटुम्बकम की बात कही गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी इसी भाव से विश्व को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास और विश्व के कल्याण में विश्वास रखती है। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जहाँ युद्ध, आतंकवाद और संघर्ष ने पूरी दुनिया को तनावग्रस्त किया है, ऐसे में यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव जैसे आयोजन शांति, समरसता और मानवता की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए समाधान प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कालिदास अकादमी उज्जैन में आरंभ यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 के तीन दिवसीय जीवन प्रबंधन कार्यशाला का मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षणों में महाकालेश्वर जलाभिषेक, पृथ्वी तत्व का आव्हान, पंचमहाभूत आव्हान

**मुख्यमंत्री ने किया यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 का वर्चुअल शुभारंभ**



और विशेष सांस्कृतिक संध्या जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इन अनुष्ठानों से सम्पूर्ण विश्व के बीच एकता और समरसता को प्रकट करने के प्रयास होंगे। कुल 22 देशों के प्रतिनिधि अपने-अपने देशों की नदियों के जल से बाबा महाकाल का अभिषेक करेंगे। यह कॉन्क्लेव भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और आध्यात्मिकता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। यह भारत की पॉवर को और अधिक सशक्त करेगा तथा विश्व, भारत की आध्यात्मिक शक्ति से लाभान्वित हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव के सहभागियों से वैश्विक शांति की स्थापना और विश्व में प्रेम, सौहार्द्र तथा सकारात्मकता के प्रसार में हरसंभव योगदान देने संकल्प लेने का आव्हान किया। उज्जैन में आरंभ हुए इस कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन, कॉन्क्लेव के समन्वयक विक्रांत सिंह तोमर सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कॉन्क्लेव में 22 देशों के विद्वान, संत, आध्यात्मिक शिक्षक और लाइफ कोच विचारक वैश्विक शांति और समरसता के लिए अपने विचार साझा करेंगे।

# विविध-समाचार

## पेट्रोल-डीजल में सबसे ज्यादा टैक्स लेने वाला पांचवा राज्य एमपी

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश देश में पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाने वाला पांचवा राज्य बन गया है। इसकी जानकारी लोकसभा में पूछे गए सवाल से मिली है। एमपी में पेट्रोल-डीजल पर टैक्स के ऊपर भी टैक्स लगाया जा रहा है। पेट्रोल की बात करें तो उसमें 29 न्न वैट, 2.5 रुपए प्रति लीटर के साथ 1 प्रतिशत टैक्स लिया जाता है। ऐसे ही डीजल पर 19 प्रतिशत वैट, 1.5 रुपए प्रति लीटर वैट के साथ 1 प्रतिशत टैक्स लिया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल पर सबसे कम टैक्स अंडमान निकोबार में लिया जा रहा है। लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर 10 प्रतिशत वैट की वसूली की जा रही है। दादरा और नगर हवेली एंव दमन एवं द्वीप में पेट्रोल पर 12.75 प्रतिश वैट और डीजल पर 13.50 प्रतिशत वैट लिया जाता है। मेघालय में पेट्रोल पर 13.50 रुपए प्रति लीटर। साथ ही 10 पैसे लीटर पॉल्यूशन टैक्स लिया जाता है। गुजरात में पेट्रोल पर 13.7 प्रतिशत वैट के साथ टाउन रेट पर 4 फीसदी टैक्स वसूला जाता है। डीजल पर 14.9 प्रतिशत वैट के साथ टाउन रेट पर 4 फीसदी टैक्स लिया जाता है। एमपी में डीजल के रेट देखें तो 92.69 रुपए प्रति लीटर है। पिछले महीने की आखिरी तारीख को 92.74 रुपए लीटर थी। मतलब साफ है कि डीजल पर 0.05 फीसदी दाम घटा है। वहीं बात करें पेट्रोल की तो भोपाल 106.52 रुपए प्रति लीटर इसकी कीमत है।

## दिव्यांग युवक ने लगाई फांसी

भोपाल (आरएनएस)। कोलार इलाके में रहने वाले युवक ने गुरुवार देर रात घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। 3 महीने पहले ट्रेन की चपेट में आने से उसके एक हाथ का पंजा और दूसरे हाथ की उंगलियां कट चुकी थीं। एक साल पहले बीमारी के चलते उसकी पत्नी की मौत हो गई। मृतक के दो मासूम बच्चे हैं, मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।जीतू सूर्यवंशी पुत्र राम सिंह सूर्यवंशी (34) बंजारी कोलार में रहता था। भाई ने बताया कि तीन महीने पहले जीतू ट्रेन की चपेट में आ गया था। इस हादसे में उसके एक हाथ का करीब आधे से ज्यादा पंजा तथा दूसरे हाथ की उंगलियां कट गई थीं। हादसे के बाद से ही वह बेरोजगार हो चुका था। इससे पहले वह प्राइवेट ड्राइवरी करता था। एक साह पहले उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। तब से ही वह डिप्रेशन में रहने लगा था। इसी के साथ शराब अधिक पीने लगा। शराब के नशे में ही ट्रेन की चपेट में आया था।जीतू के दो मासूम बच्चे डेढ़ साल का शिवा और 6 साल की रोली है। पत्नी की मौत के बाद वह अकेला ही बच्चों का पालन पोषण कर रहा था। आए दिन पत्नी की याद में जान देने की बातें करता था। परिजनों ने उसे पहले भी कई बार समझाया लेकिन गुरुवार की रात उसने घर में शेड के पाइप पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

## सरकारी कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया,मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी निगम-मंडल एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। मोर्चा ने अपनी 52 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के 47 जिलों में ज्ञापन सौंपा। राजधानी भोपाल में संगठन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन में मोर्चा के प्रदेश संयोजक प्रमुख तिवारी, प्रदेश संरक्षक अशोक शर्मा और मुनेंद्र परिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उदित भदौरिया, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और प्रदेश महामंत्री सुनील पाराशर समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी जिलों में कर्मचारी संगठनों ने उत्साह के साथ प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और शासन-प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## पंचकल्याणक महोत्सव की धूम, हल्दी-मेहंदी की रस्में संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। स्मार्ट सिटी टी.टी. नगर स्थित कस्तूरबा नगर जिनालय में 15 से 20 फरवरी तक होने वाले पाषाण से भगवान बनने के महा अनुष्ठान की पूर्व की क्रियाएं धूमधाम से शुरू हो गई हैं। कस्तूरबा नगर जिनालय में आयोजित हल्दी-मेहंदी कार्यक्रम में अनुष्ठान के प्रमुख पात्रों की गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। इस दौरान भक्ति नृत्य के साथ समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया कि महोत्सव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में राजेश्वरी (ऋषभ माता), सारिका-राजेश सोधर्म (इंद्र-इंद्राणी), माया-अमर जैन (कुबेर इंद्र), रंजना-सुनील जैन राजहंस (भरत चक्रवर्ती) सहित सभी प्रमुख पात्रों ने रस्में अदा कीं। इसी दौरान मुनि प्रमाण सागर महाराज 1100 क्वार्टर से नेहरू नगर मंदिर पधारे। हल्दी-मेंहदी की रस्म में प्रमुख पात्रों ने गुरुवर के नाम के साथ रंगों और भक्ति की लहर में खुद को डुबो दिया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया कि इस महोत्सव की पूर्व क्रियाओं में समाज में उत्साह और उमंग का वातावरण है। हल्दी-मेंहदी की रस्म में रंगों से वातावरण को सजाया गया, जैसे होली के अवसर पर एक-दूसरे को रंगा जाता है। मेहंदी लागी रे, लागी गुरुवर नाम की गीत के साथ सभी ने भक्ति के रंगों में रंगकर एकता का संदेश दिया। भक्ति नृत्य में प्रमुख पात्रों ने संपूर्ण वातावरण को भक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर राजेश्वरी ऋषभ माता-पिता सारिका राजेश, सोधर्म इंद्र, इंद्राणी माया अमर जैन, कुबेर इंद्र, रंजना-सुनील जैन, भरत चक्रवर्ती सहित अन्य प्रमुख पात्रों ने रस्म अदा की। पारंपरिक रस्मों के बीच मुनि प्रमाण सागर महाराज का आना भी एक अहम हिस्सा था। वे 1100 क्वाटर से नेहरू नगर मंदिर पहुंचे, जहां उनकी अगवानी के बाद धर्म सभा हुई। मुनि श्री ने कहा, जीवन का लेखा-जोखा करोगे तो ज्यादातर अवसर खोते आए हो। अवसर मिलना पुण्य का प्रताप है और इसका लाभ उठाना जीवन का प्रसाद है।उनका यह संदेश सभी को गहरे तक प्रभावित करने वाला था। इससे पहले कस्तूरबा नगर जिनालय में भगवान सुपारसनाथ के दर्शन करने के बाद गोद भराई की रस्म की शुरुआत हुई। इस दौरान मंगल गीतों के साथ रस्म अदा की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील जैनाविन ने बताया कि इस रस्म के दौरान समाज के सभी लोग श्रद्धापूर्वक शामिल हुए।इसके साथ ही, भगवान के माता-पिता के रूप में राजेश्वरी ऋषभ जैन और प्रगति की गोद भराई की रस्म का सिलसिला अनवरत जारी है। साथ ही, अन्य मंदिरों में भी गोद भराई की रस्म का आयोजन हुआ, जिसमें चौक हबीबगंज, नेहरू नगर, अभिरुचि जिनालय, सिद्धार्थ लेक सिटी सहित कई मंदिर शामिल हैं। इस मौके पर केवल चंद्र जैन, शील चंद्र जैन, अंकेश जैन, पी.सी. जैन, देव कुमार गुड़ा, सुधीर जैन, आशीष जैन, डॉ. राजेंद्र जैन, मनीष जैन, विजय कांडया, देवेंद्र जैन और संदीप जैन आदि शामिल रहे।

## ईडी ने जब्त किए वन विभाग रेंजर के दो मकान

भोपाल (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने वन विभाग के रेंजर हरिशंकर गुर्जर और उनकी पत्नी के नाम पर मिनाल रेसिडेंसी स्थित दो इंडिपेंडेंट घरों की जब्ती की कार्रवाई की है। गुर्जर, उनकी पत्नी और बेटे के विरुद्ध मनी लान्ड्रिंग एक्ट में कार्रवाई की गई है। दोनों मकानों की कीमत करोड़ों रुपए है।ईडी के अनुसार लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं आईपीसी 1860 के तहत कार्यवाही की थी। इस कार्यवाही के बाद हुई जांच के आधार पर ईडी ने जब्ती की है। ईडी द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि वन विभाग के खंडवा जिले में पदस्थ रेंजर हरिशंकर और उनकी पत्नी के विरुद्ध लोकायुक्त की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की गई। इस मामले में रेंजर हरिशंकर गुर्जर और उनकी पत्नी सीमा गुर्जर का कहना है कि उनके पास आय के ज्ञात स्रोत के आधार पर आय से अधिक संपत्ति मिली है। ईडी अब इस मामले में मनी ट्रेल का पता लगा रही है। आय की पहचान की जा रही है। इस मामले में हरिशंकर गुर्जर, सीमा गुर्जर की विभिन्न अचल संपत्तियां जांच के दायरे में ली गई हैं। वहीं उनके बेटे अभिषेक गुर्जर को मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल पाया गया है। इसके चलते पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत दोनों प्रॉपर्टी अनंतिम रूप से अटैच किया गया था। इसके बाद विशेष न्यायालय पीएमएलए भोपाल ने 29 अप्रेल 2023 के आदेश के अंतर्गत गुर्जर को दोषी ठहराया।



**राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राजभवन में सौजन्य भेंट की।**

## एमपी पुलिस मुख्यालय ने 21 पुलिस अधिकारियों की राज्य साइबर सेल भेजा, पदस्थापना आदेश जारी

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में तबादलों का क्रम जारी है, इस बार पुलिस अधिकारियों एक तबादला आदेश जारी हुए हैं, पुलिस मुख्यालय भोपाल ने एक तबादला देश जारी कर उप निरीक्षकों और सहायक उप निरीक्षकों की सूची जारी की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल से जारी आदेश में 21 पुलिस अधिकारियों के नाम हैं जिसमें 17 उप निरीक्षकों और 4 सहायक उप निरीक्षकों के नाम शामिल हैं जिन्हें विभिन्न इकाइयों से राज्य साइबर सेल पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया है। पीएचक्यू ने अपने आदेश में कहा है इन शासकीय सेवकों को स्वयं के निवेदन पर स्वयं के व्यय पर अस्थाई रूप से अगले आदेश तक अगले 5 वर्ष तक के लिए राज्य साइबर सेल पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया जाता है।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंदौर में ग्रिड ऑपरेटर का किया सम्मान



भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार की शाम इंदौर शहर के विजय नगर जोन अंतर्गत 33/11 केवी के नए रसोमा ग्रिड का निरीक्षण किया। आरडीएसएस के तहत बने इस ग्रिड की लागत 2.35 करोड़ रूपये है। मंत्री श्री तोमर ने रसोमा ग्रिड के ऑपरेटर राकेश पासवान को श्रेष्ठ कार्य के लिए बधाई दी। पुष्पहार पहनाकर सम्मान भी किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ग्रिड ऑपरेटर व इंजीनियरों से आईसोलेटर, वीसीबी ऑपरेट करवाकर ग्रिड की आंतरिक व्यवस्था को देखा। उन्होंने ग्रिड की लॉगबुक देखी, इसमें दर्ज ट्रिपिंग की वजह पूछी। ऊर्जा मंत्री ने ट्रिपिंग का स्तर न्यूनतम बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंदौर स्वच्छता में आगे है। इसमें सभी का परिश्रम परोक्ष रूप में शामिल है। बिजली कार्यालयों, ग्रिडों पर स्वच्छता बनाए रखने में प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी सतत ध्यान दें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को आरडीएसएस, इंदौर शहर की बिजली व्यवस्था की जानकारी मुख्य अभियंता कार्य एस.एल. करवाड़िया ने दी।

## 09019/09020 वलसाड-दानापुर-वलसाड कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 09019/09020 वलसाड-दानापुर-वलसाड कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01-01 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 09019 वलसाड-दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 09019 वलसाड-दानापुर कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 23 फरवरी 2025 (रविवार) को वलसाड स्टेशन से सुबह 08.40 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन रात 22.55 बजे इटारसी, अगले दिन सुबह 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी एवं शाम 18.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 09020 दानापुर-वलसाड कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 09020 दानापुर-वलसाड कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 24 फरवरी 2025 (सोमवार) को रात 23.30 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 05.50 बजे प्रयागराज छिवकी, रात 20.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 09.30 बजे वलसाड स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में वलसाड, नवसारी, भेस्टन, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।



**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 14 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 24 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से गुजरेगी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

### भोपाल मंडल के इटारसी से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजर रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

**1) चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन**

07121 चर्लपल्ली-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को चर्लपल्ली से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए एवं सायं 17:45 बजे प्रयागराज छिवकी और रात्रि 23:55 बजे दानापुर पहुंचेगी। (1 सेवाएं) 07122 दानापुर-चर्लपल्ली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन बुधवार 19 फरवरी 2025 को दानापुर से दोपहर 15:15 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन रात 20:25 बजे प्रयागराज छिवकी और अगले दिन रात्रि 23ः45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। (1 सेवाएं) ठहराव:- काज़ीपेट जंक्शन, पेद्दपल्ली जंक्शन, रामागुंडम, मंचेरियल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा। संरचना:- एक वातानुकूलित 2-टियर, एक वातानुकूलित 3-टियर, 20 शयनयान श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

**2) उडुपि-टुंडला-उडुपि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन**

01192 उडुपि-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को उडुपि से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रास्ते में इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना होते हुए एवं तीसरे दिन सुबह 06:25 बजे प्रयागराज छिवकी और दोपहर 13:10 बजे टुंडला पहुंचेगी। (1 सेवाएं) 01191 दानापुर-उडुपि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गुरुवार 20 फरवरी 2025 को टुंडला से सुबह 09:30 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन सायं 18:25 बजे प्रयागराज छिवकी और तीसरे दिन सायं 18:10 बजे उडुपि पहुंचेगी। (1 सेवाएं) ठहराव:- बारकूर, कुन्दापुरा, बैन्दूर मूकांबिका रोड, भटकल, मुर्डेश्वर, कुमटा, गोकर्ण रोड, कारवार, मडगाँव जंक्शन, रत?नागिरी, चिपलुन, रोहा, पनवेल, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, मदन महल (जबलपुर), कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा। संरचना:- एक वातानुकूलित 2-टियर, 05 वातानुकूलित 3-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोनों प्रदेशों के मंत्रियों का समूह चित्र।**

## तेज रफ्तार कार ने 4 बाइकों को टक्कर मारी, पांच घायल

भोपाल (आरएनएस)। चेतक ब्रिज पर गुरुवार दोपहर लगभग 12:30 बजे एक तेज रफ्तार रेंज रोवर कार ने 4 बाइकों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 4-5 लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। चालक को भी चोट आई थी। उसे भी अस्पताल भेजा गया है। कार एमपी नगर में टायर कारोबारी जेएस दुग्गल की है। हादसे के समय वह कार में ही मौजूद थे हालांकि कार उनका ड्राइवर चला रहा था। घायल धर्मेंद्र सिंह



गुर्जर ने बताया कि कार सवार रॉन्ग साइड से आ रहा था और उसने पीछे से उनकी स्कूटी को टक्कर मारी। इसके बाद कार ने कुछ और वाहनों को भी टक्कर मारी और आखिर में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में दो लोग सवार थे। डिवाइडर से टकराने के बाद ड्राइवर ने उल्टियां भी कीं।दुर्घटना के बाद चेतक ब्रिज पर दोनों लेन में लंबा जाम लग गया। करीब 45 मिनट तक गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को क्लियर किया।

# भाजपा के बाद कांग्रेस में भी बदलाव की लहर, सभी जिला और शहर अध्यक्ष बदलने की तैयारी



इंदौर (ए.)। भाजपा द्वारा अपने सभी जिला और शहर अध्यक्षों के पद पर नए सिरे से नियुक्ति किए जाने के बाद अब कांग्रेस भी अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हो गई है। कांग्रेस द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की नई नियुक्तियों को लेकर विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त प्रभारी से रिपोर्ट मांगी गई है, जिससे संगठन को मजबूती मिले और नए नेतृत्व को अवसर दिया जा सके। भाजपा ने हाल ही में अपने संगठन पर्व के तहत मंडल और वार्ड इकाइयों का पुनर्गठन कर लिया है और इन सभी इकाइयों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। इसके बाद प्रदेश स्तर पर भी जिला और शहर इकाइयों के अध्यक्ष पद पर नए चेहरों को नियुक्त किया गया है। कुछ स्थानों पर पुराने अध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है, जबकि अधिकांश जिलों और शहरों में नए अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नई ऊर्जा का संचार होगा**

जब संगठन में नए अध्यक्षों की नियुक्ति होती है, तो पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होता है और नए नेतृत्व के साथ संगठन को मजबूती मिलती है। नए विचारों और नई रणनीति के साथ बेहतर परिणाम लाने की कोशिश की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने भी मध्यप्रदेश में अपने जिला और शहर अध्यक्षों को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर के विभिन्न शहरों और जिलों में नियुक्त किए गए प्रभारियों के माध्यम से नए अध्यक्षों की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## आर्मी फायरिंग रेंज में बम फटा, कबाड़ बीनने पहुंचे तीन लोग आए चपेट में, एक की मौत



दतिया (ए.)। दतिया जिले के जैतपुर गांव स्थित आर्मी फायरिंग रेंज में शुक्रवार को बारूद का गोला फटने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग सहित दो लोग गंभीर घायल हो गए। तीनों फायरिंग रेंज में कबाड़ बीन रहे थे। घायलों को इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार दतिया के बसई थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में शुक्रवार गंगा राम पिता डालू आदिवासी अपने साथी रामू पिता घनश्याम आदिवासी और मनोज पिता फेरन आदिवासी के साथ हीरापुर आर्मी फायरिंग रेंज में कबाड़ बीन रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक पुराना बारूद का गोला मिला। तीनों ने गोले को खोलने का प्रयास किया, जिससे वह फट गया। हादसे में गंगाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामू और मनोज गंभीर घायल हो गए।

## जिले में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक, सभी चिकन और मटन की दुकानों को किया गया सील, अलर्ट जारी

जबलपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के बाद अब बर्ड फ्लू ने मध्यप्रदेश में भी दस्तक दे दी है। महाकौशल अंचल के छिंदवाड़ा में बर्ड फ्लू के केस मिलने के बाद मुख्यालय जबलपुर में भी अलर्ट कर दिया गया है। जबलपुर में कलेक्टर के निर्देश पर चिकन और मटन शॉप्स से सैंपल लिए जा रहे हैं और उन्हें जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना के मुताबिक अभी तक कोई भी सैंपल जांच में पॉजिटिव नहीं आया है। लिहाजा लोगों को पैनिक होने की जरुरत नहीं है, लेकिन उनका महकमा बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट है। बता दें कि छिंदवाड़ा जिले में बर्ड फ्लू यानि एच-5 एन -1 पॉजिटिव पाए जाने के बाद संक्रमित क्षेत्रों में 30 दिनों के लिए सभी चिकन और मटन शॉप्स को सील कर दिया गया है।

## बुलेट की सवारी युवक को पड़ी भारी! इस गलती पर पुलिस ने ठोका 32 हजार का चालान

ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर के एक व्यक्ति पर इटावा पुलिस ने लाइसेंस प्लेट पर नंबर की जगह नाम लिखने पर 32,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। आपको बता दें कि इस वीडियो को घर के कलेश नामक युजर ने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। जिसमें आप देख सकते हैं कि एक पुलिस वाला एक बुलेट सवार युवक से रोककर पूछता है कि इस गाड़ी के नंबर प्लेट की जगह 'हर्ष' क्यों लिखा है, तभी युवक कहता है कि ये गाड़ी चलती नहीं थी। पुलिस वाला कहता है कि एक साल से ज्यादा हो गया लेकिन आज तक नंबर नहीं लिखा गया। पुलिस वाला उसे बताता है कि आपकी गाड़ी को 32 हजार का चालान के साथ सीज कर दी गई है, कोर्ट से छुड़ा लीजिएगा इसको।

## इंदौर में सर्जरी के दौरान महिला की मौत, एनेस्थिसिया देने के बाद कोमा में चली गई थी, डॉक्टर को हटाया

इंदौर (ए.)। सरकारी अस्पताल हुकमचंद पॉलिक्लिनिक में आंख का ऑपरेशन कराने आई एक महिला की मौत हो गई। एनेस्थिसिया देने के बाद महिला कोमा में चली गई थी। मामला गरमाने पर सीएमएचओ ने जांच बैठाई और डॉक्टर को हटा दिया। महिला आंख का ऑपरेशन कराने आई थी। महिला की मौत को लेकर डॉ. कमल आर्य पर आरोप लगे हैं। उन्हें पॉलिक्लिनिक से हटाते हुए जिला अस्पताल में अटैच कर दिया गया। मृत महिला का नाम ललिता पति राजू निवासी नार्थ तोड़ा है। उसे मोतियाबिंद था और वह गुरुवार को ऑपरेशन के लिए भर्ती हुई थी। महिला डायबिटीज और हाइपरटेंशन की मरीज भी थी, हालांकि सर्जरी के पहले जांचें भी हुई थी। सर्जरी के दौरान वह कोमा में चली गई। उसकी मौत की खबर सुनकर परिजन नाराज हो गए। उन्होंने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए। डाक्टरों ने कहा कि महिला की आंख में मोतियाबिंद था। ऑपरेशन से पहले उसका ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल जांचा गया था। वह नियंत्रित था, इसके बाद ही ऑपरेशन करने का फैसला लिया गया था। जब वह कोमा में चली गई और धड़कनें धीमी होने लगी तो महिला को सीपीआर भी दिया गया, लेकिन धड़कन नहीं लौटी। इसके बाद उसे एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बहन की सगाई में आई महिला ने जहर खाकर दी जान

बैतूल (आरएनएस)। शाजापुर से बहन की सगाई में शामिल होने आई 28 वर्षीय महिला ने सुबह जहर खा लिया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल की ओपीडी में उसकी मौत हो गई। महिला ने गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां होने पर परिजन उसे बेहोशी की हालत में भैंसदेही सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों की जांच के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# वैलेंटाइन डे पर प्रेमी ने दी उलाहना तो नाबालिग प्रेमिका ने खुद को लगाई आग, 80% तक झुलसी




सागर (ए.)। सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र में वैलेंटाइन डे के दिन एक नाबालिग युवती ने प्रेमी के कथित अपमानजनक व्यवहार से आहत होकर खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उसे सागर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। डॉक्टर्स के अनुसार, युवती का 80 प्रतिशत शरीर झुलस चुका है, और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

**प्रेमी के अपमानजनक शब्दों से आहत होकर उठाया आत्मघाती कदम**

घटना देवरी नगर के एक वार्ड की है, जहां 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा एक युवक से प्रेम संबंध में थी। बताया जा रहा है कि घटना के दिन दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें युवक ने युवती को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां कीं। इस अशोभनीय बातचीत से आहत होकर युवती ने घर के बाथरूम में खुद को आग लगा ली।

परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि युवती करीब 80 प्रतिशत जल चुकी है, और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

## धोखेबाज कियोस्क संचालक गिरफ्तार, 80 खाताधारकों से की 58 लाख से ज्यादा की राशि की ठगी



बालाघाट (ए.)। 80 खाताधारकों से 58 लाख 48 हजार 977 रुपए की धोखाधड़ी मामले में धोखेबाज कियोस्क संचालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गौरव मिश्रा भारतीय स्टेट बैंक के मलाजखंड में कियोस्क का संचालन करता है। शुक्रवार को देर शाम पुलिस ने यह जानकारी मीडिया से साझा की। पुलिस अधीक्षक नगेन्द्रसिह ने बताया कि आरोपी गौरव मिश्रा ने लैपटॉप में रसीद एडिड का ऐप फोटोशॉप के नाम से बनाकर रखा था। जिसके माध्यम से वह जमा करने वाले खाताधारकों की राशि में कम राशि जमा कर, उन्हें जमा की गई राशि का फर्जी रसीद देता था। यही नहीं बल्कि कियोस्क में आने वाले खाताधारकों के कई बार फिंगरप्रिंट मशीन पर फिंगर लगवाकर, उनके खाते के पैसों को अपने खातों में ट्रांसफर कर, मांगी गई राशि देता था।

# व्यापार समाचार

## ट्रेड, टैरिफ, टेरर और टफ टॉक पर रही मोदी-ट्रंप की बैठक

नई दिल्ली,,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा 4टी - ट्रेड, टैरिफ, टेरर और टफ टॉक पर केंद्रित रही. दी की यात्रा का मुख्य उद्देश्य ट्रंप को यह भरोसा दिलाना था कि भारत टैरिफ देश नहीं है और यह व्यापार युद्ध से बचने के लिए व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तैयार है.

भारत का अमेरिका के साथ ट्रेड सरप्लस है जो ट्रंप को पसंद नहीं है. उन्होंने लंबे समय से भारत पर व्यापार का बड़ा दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है. उन्होंने गुरुवार को भी यही दावा दोहराया और कहा कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है. ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ लंबित व्यापार मुद्दों को भारत को अधिक अमेरिकी ऊर्जा और रक्षा उत्पाद बेचकर सुलझाया जा सकता है.

कुछ दिन पहले ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की थी, जिसका मतलब होगा कि अमेरिका किसी देश के उत्पादों पर वही टैरिफ लगाएगा जो वह देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाता है.

उनकी बैठक से पहले, यह बताया गया था कि भारत कम से कम एक दर्जन क्षेत्रों में टैरिफ कम करने पर विचार कर रहा था, जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक, चिकित्सा और कुछ रसायन, ताकि ट्रंप की चिंताओं को दूर करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात बढ़ाया जा सके. प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने टैरिफ का बचाव किया और कहा कि जब व्यापार की बात आती है तो मोदी एक कठोर वार्ताकार हैं. अपनी ओर से मोदी ने रणनीतिक रूप से इस मुद्दे पर बोलने से परहेज किया.

# सोने की रिकॉर्ड छलांग, 89,000 के स्तर से पार, 2000 की उछाल के साथ चांदी 4 महीने के उच्च स्तर पर



नई दिल्ली,(ए.)। वैश्विक बाजार में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 1300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 1300 रुपये की तेजी के साथ 89000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। जबकि पहले इसका भाव 87,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इसके अलावा चांदी की कीमत भी शुक्रवार को दो हजार रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रतिकिलो ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 184 रुपये की तेजी के साथ 85,993 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। जबकि एमसीएक्स पर चांदी वायदा भाव 2,517 रुपये बढ़कर 97,750 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि कमजोर डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी टैरिफ नीतियों के लगातार समर्थन से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही। एमसीएक्स पर सोने में तेजी आई, जबकि कॉमेक्स पर सोना बढ़कर 2,935 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अब आगामी अमेरिकी खुदरा बिक्री और कोर खुदरा बिक्री के आंकड़ों पर ध्यान देने की जरूरत है। यह सोने की अगली चाल को प्रभावित कर सकते हैं।

विदेशी बाजारों में अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 6.49 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2951.89 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना भी बढ़कर 2,929.79 डॉलर प्रति औंस हो गया। एशियाई बाजार में भी कॉमेक्स चांदी वायदा लगभग चार फीसदी बढ़कर 34 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार कॉमेक्स गोल्ड वायदा ने लगातार तीसरे दिन अपनी बढ़ोतरी जारी रखी, जो 2,960 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। ऊपर की ओर रुझान ने सोने को लाभ में रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई देशों के खिलाफ पारस्परिक टैरिफ लगाने की संभावना ने वैश्विक व्यापार और आर्थिक दृष्टिकोण में अनिश्चितता पैदा कर दी है। इससे सोने की कीमत लगातार बढ़ रही है।

## हॉटस्टार ने मिलाया जियो से हाथ, बना जियोहॉटस्टार, चेक करें सब्सक्रिप्शन चार्ज

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रिलायंस के जियोस्टार ने जियोहॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जो जियोसिनेमा और डिजनी+ हॉटस्टार को मिलाकर बनाया गया है. 50 करोड़ से ज्यादा के कंबाइंड यूजर आधार और 3 लाख घंटे से ज्यादा कंटेंट के साथ इसे भारत की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा माना जा रहा है.

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वॉल्ट डिजनी कंपनी के स्वामित्व वाले संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने अपने वीडियो स्ट्रीमिंग बिजनेस के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं क्योंकि यह दो ओटीटी ऐप - जियोसिनेमा और डिजनी + हॉटस्टार को आज एक नए एकल ओटीटी प्लेटफॉर्म, जियोहॉटस्टार में विलय करने के लिए तैयार है.

नए प्लेटफॉर्म के लिए सब्सक्रिप्शन प्लान को तीन प्रकारों में विभाजित किया गया है.

सबसे सस्ता प्लान तीन महीने के लिए 149 रुपये या एक साल के लिए 499 रुपये से शुरू होता है. यह मोबाइल (विज्ञापन समर्थित प्लान) उपयोगकर्ता को केवल एक मोबाइल डिवाइस पर सामग्री तक पहुंचने देगा.

अगला सुपर (विज्ञापन समर्थित प्लान) तीन महीने के लिए 299 रुपये या एक साल के लिए 899 रुपये का है और ग्राहक को एक समय में किसी भी दो डिवाइस पर कंटेट तक पहुंचने की अनुमति देता है. यह यूजर को किसी भी समर्थित प्लेटफॉर्म (मोबाइल, वेब और समर्थित लिविंग रूम डिवाइस) पर सभी सामग्री तक पहुंचने देगा.

सबसे महंगा प्लान, प्रीमियम (एड फ्री प्लान) एक महीने के लिए 299 रुपये से शुरू होता है (जिसे केवल वेब ब्राउजर के माध्यम से खरीदा जा सकता है). इसे कई महीनों के लिए एक साथ तीन महीने के लिए 499 रुपये और एक साल के लिए 1,499 रुपये में भी खरीदा जा सकता है.

# नई फसल से पहले गेहूं महंगा, लेकिन उपज बढ़ने की उम्मीद; हफ्ते भर में करीब 7% बढ़ा भाव



नई दिल्ली (ए.)। गेहूं की नई फसल आने से पहले मंडियों में गेहूं की कीमतें आसमान पर हैं. बीते करीब एक हफ्ते के दौरान थोक भाव करीब 7 फीसद बढ़ गया है। हालांकि मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल बना हुआ है जिस वजह से इस साल रिकॉर्ड उपज की उम्मीद जताई जा रही है। उपज बढ़ने की स्थिती में आगे चलकर भाव में नरमी भी आ सकती है। दिल्ली की थोक मंडी में शुक्रवार को गेहूं का भाव 3301 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया है, 6 फरवरी को दिल्ली में भाव 3095 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया था। गेहूं की कीमतों में यह तेजी ऐसे समय पर आई है जब मंडियों में नई फसल की आवक शुरू होने में महीनाभर बचा है, ऊपर से सरकार के गोदामों में भी गेहूं स्टॉक पिछले साल से ज्यादा है। भारतीय खाद्य निगम के आंकड़े बताते हैं कि पहली फरवरी तक केंद्रीय पूल में गेहूं का कुल स्टॉक 161.74 लाख टन दर्ज किया गया है। पिछले साल पहली फरवरी को केंद्रीय पूल में गेहूं का कुल स्टॉक 132.66 लाख टन था। एसएमसी ग्लोबल के रिसर्च एसोसिएट रवि शंकर पांडे के मुताबिक हफ्तेभर के दौरान गेहूं की कीमतों में तेजी रह सकती है, उसके बाद कीमतों में नरमी आएगी। इस साल देश में गेहूं का रकबा पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है, साथ में मौसम भी फसल के अनुकूल बना हुआ है। इस वजह से गेहूं की उपज में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 10 फरवरी तक देशभर में गेहूं का कुल रकबा 324.88 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 6.55 फीसद ज्यादा है. पिछले साल 10 फरवरी तक देशभर में 318.33 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती दर्ज की गई थी। करनाल स्थित भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ रतन तिवारी के मुताबिक देशभर में मौजूदा मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल है, रात में तापमान कम होने की वजह से गेहूं की फसल को फायदा हो रहा है। डॉ तिवारी के मुताबिक देशभर में फसल की स्थिति बेहतर है और कहीं से रोग के प्रकोप की रिपोर्ट भी नहीं है।

## बीएसएनएल ने 17 साल बाद तिमाही लाभ कमाया, तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपये मुनाफा

नई दिल्ली (ए.)। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को 17 साल बाद बड़ा तिमाही लाभ हुआ है। बीएसएनएल ने मौजूदा वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत के दूरसंचार क्षेत्र के लिए आज बड़ा अहम दिन है। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि दूरसंचार क्षेत्र भारत के डिजिटल भविष्य का वाहक बनेगा। इस दिशा में हमारे सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता पूरी दृढ़ता से काम कर रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बीएसएनएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 17 साल में पहली बार तिमाही लाभ दर्ज किया है। बीएसएनएल को 262 करोड़ रुपये का तिमाही लाभ हुआ है।




उन्होंने कहा कि इस तिमाही में बीएसएनएल के सेलुलर मोबिलिटी में 15 फीसदी, एफटीटीएच में 18 फीसदी और लीज लाइन्स में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी मुनाफे की राह पर बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि चौथी तिमाही में भी कंपनी के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही हम खर्च और लागत को नियंत्रित करके अपने घाटे को कम कर पाएंगे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल ग्राहकों की संख्या भी जून 2024 में 8.4 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 में नौ करोड़ हो गई। एक लाख टॉवर के लक्ष्य के सापेक्ष हम 75 हजार टॉवरों का निर्माण पूरा कर चुके हैं। 65 हजार टॉवरों का निर्माण चल रहा है। इस साल जून तक एक लाख टॉवर शुरू हो जाएंगे।

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक से पैसा निकालने और जमा करने पर लगी रोक

### आरबीआई ने लगाया प्रतिबंध

मुंबई,(आरएनएस)। आरबीआई ने सुपरवाइजरी चिंताओं के बीच मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर कई प्रतिबंध लगा दिए, जिनमें जमाकर्ताओं के पैसे निकासी पर भी प्रतिबंध शामिल है. इसके बाद मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर लोगों की कतारें देखी गईं, क्योंकि चिंतित ग्राहक अपना पैसा निकालना चाहते है.

मुंबई के अंधेरी में विजयनगर शाखा के बाहर खाताधारकों की भीड़ उमड़ पड़ी है. ग्राहक इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि उन्हें अपना पैसा कब मिलेगा. कुछ लोगों ने तो यहां तक कहा कि बैंक उनके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है और यहां तक कि इसकी ग्राहक सहायता सेवाएं और ऐप भी काम नहीं कर रहे हैं.

बैंक के बाहर जमा हुए लोगों में से ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक हैं. बैंक अधिकारियों ने कतार में खड़े लोगों को कूपन दिए हैं. उनके अनुसार, ग्राहक इन कूपन का इस्तेमाल अपने लॉकर तक पहुंचने के लिए कर सकते हैं.न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक, मुंबई को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश गुरुवार को कारोबार की समाप्ति से लागू हो गए तथा छह महीने की अवधि तक लागू रहेंगे तथा समीक्षा के अधीन होंगे.

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पिछले दो वित्तीय वर्षों से घाटे से जूझ रहा है. बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक को 227.8 मिलियन रुपये का घाटा और वित्त वर्ष 2023 में 307.5 मिलियन रुपये का घाटा होने का अनुमान है.

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अवैध अप्रवासियां निर्वासित

अंततः महिला, पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने ़इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है।

कोई भी संप्रभु राष्ट्र ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश ़इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं।

भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शतरे के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे। पहली यह कि उसके यहां अवैध अप्रवासन न हो और दूसरी यह कि यहां से अवैध ढंग से पलायन न हो।

भारत एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी अमेरिका, यूरोप के देशों में जाकर बसते हैं, जो या तो भारत विरोधी हैं, या आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं। ऐसे लोग भारत में प्रताड़ित होने का स्वांग रचते हैं, और सहानुभूति के नाम पर वहां की नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं।

अमेरिका और कनाडा से ऐसी घटनाएं उजागर हुई हैं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को खतरे में डाला है। इसलिए भारत सरकार को प्रयास करना चाहिए कि अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोहों पर लगाम लगाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका का निर्वासन का यह कदम भारत की अपनी निर्वासन नीति को भी मजूबती प्रदान करेगा।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में %इन्वेस्ट कर्नाटक 2025% समापन कार्यक्रम के दौरान शिवकुमार को सम्मानित किया गया.

# मुस्लिम मत भाजपा की ओर

**अवधेश कुमार**

भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया।

क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरु द्ध मतदान करते हैं।

इस धारणा को तोडने् के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदशर्न कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।

दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया।



यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में हैं तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला। जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला। ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोक सभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिन्दुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिन्दुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इकबाल को मटियामहल से 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबैर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है।

इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रु ख क्या रहा? मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबैर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गए। चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी। बल्लीमारान में भाजपा के पाषर्द कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है, लेकिन यहां हिन्दुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है। इस कारण मनोज जिंदल ने 49 हजार 870 मत पाया और कांग्रेस के अनिल भारद्वाज को 10 हजार 057 ही मिला।

इस तरह मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो कहीं नहीं दिखेगा कि मुस्लिम मत भाजपा की ओर गया। भाजपा के सदस्य तथा एक दो प्रतिशत कहीं मतदान कर दें तो अलग बात है, अन्यथा मुस्लिम मतों की प्रवृत्ति भाजपा को हराने की ही रही।

# तकलामाकन रेगिस्तान हरा-भरा

विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है।

मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं।

सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षो में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है। चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षो में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज़ को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। ग़ौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता। यदि केंद्र में और राज्य में दो अलग दलों की सरकार भी हो तो विकास कार्य पर किसी भी तरह की रोक लगाना आम जनता के साथ धोखा है। इसलिए यदि सही सोच वाला नेतृत्व सही योजनाओं को स्वीकृति करे तो ऐसे भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है और ताकलामाकन रेगिस्तान जैसे कई विकास कार्य दोहराया जा सकते हैं।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। जितने अधिक उलझन में रहेंगे, आपकी कार्यक्षमता कम होती हुई नजर आएगी। ऑफिस में आज सीनियर्स आपके अधूरे काम को देखकर आपपर दबाव बना सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेलरिंग का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे रुके काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आपके साझेदार से अनबन हो सकती है, बेहतर होगा संयमित रहें।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन लोगों के विरोध की वजह से आपके काम में रूकावट आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। समाज के लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश होंगे। आज किसी काम को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें। आज इस राशि की कन्याओं को विवाह के अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आपकी सरकारी कार्यवाही चल रही है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। हो सकता है सीनियर्स आज आपसे किसी बात पर नाराज हो जाएं। बेहतर होगा कि आप अपने सभी कामों को सावधानीपूर्वक करें। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज खुशखबरी मिलेगी। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक राशि:आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपके परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे बड़ों का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज नया एग्रीमेंट हो सकता है। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, नहीं तो वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।

# बच्चे भारत का भविष्य - आजीवन स्वस्थय उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है! कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों क़े स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।

साथियों बात अगर हमह्ल हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है।



परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ़्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में! इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें,बल्कि फलते- फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है। बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके,डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है ।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें ।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं। इन सीमाओं के बावजूद उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए,डब्लूएचओ बचपन की बीमारी के एकीकृत प्रबंधन के निरंतर कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है, तो उन्हें लाभ होता है। दूसरों की देखभाल करने के लिए उन्हें खुद को अच्छा महसूस करने की आवश्यकता होती है और इसलिए, देखभाल करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करना उन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो बच्चों के स्वस्थ विकास और विकास का समर्थन करती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत मैं प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की करें तो बच्चों सहित युवाओं का शरीर स्वस्थ तभी होगा जब उसे जरूरी मात्रा में पौष्टिक तत्व मिलते रहेंगे, लेकिन आज के दौर में लगभग सभी उम्र के लोगों में अनहेल्दी फूड हैबिट्स काफी ज्यादा बढ़ गई है।



# देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ए)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडानी पर अभियोग मामले पर सवाल खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसे निजी मामला बताकर अपने दोस्त को बचा रहे हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अडानी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका के दौरे पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गौतम अडानी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है। दो देशों के दो प्रमुख नेता कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने पिछले साल नवंबर में अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह के कई अधिकारियों के खिलाफ भारत में सौर ऊर्जा



परियोजना अनुबंधों से जुड़ी 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना में शामिल होने का आरोप लगाते हुए आरोप दायर किया था। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने समूह पर प्रतिभूतियों और वायर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्होंने रिश्वतखोरी में लिप्त रहते हुए अमेरिकी निवेशकों को उनकी भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिबद्धताओं के बारे में गुमराह किया। अडानी समूह ने आरोपों से इनकार करते हुए इसे निराधार बताया। पिछले साल संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद से विपक्ष ने भाजपा सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया है, जिसमें इंडिया ब्लॉक द्वारा कई विरोध प्रदर्शन और वाकआउट किए गए थे।

## बेंगलुरु के इंजीनियर ने जयपुर में मेट्रो के आगे कूद कर किया सुसाइड का प्रयास



जयपुर ,(आरएनएस)। बेंगलुरु के एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत 35 वर्षीय इंजीनियर यशवंथ ने मेट्रो ट्रैक पर छलांग लगाकर अपनी जान देने की कोशिश की। लेकिन ऑपरेटर की सतर्कता से उसकी जान बच गई। जयपुर मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार दोपहर हुई घटना समाज में बढ़ते मानसिक तनाव और पारिवारिक संघर्षों का एक चिंताजनक संकेत है।इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं—क्या पारिवारिक असहमति किसी व्यक्ति को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर कर सकती है? क्या समाज में मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता है?यशवंथ का घर कर्नाटक के तुमकुर में है। वह प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए निकला था, लेकिन जयपुर कैसे पहुंचा, यह रहस्य बना हुआ है। फ्लाइट से जयपुर पहुंचकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस जांच में सामने आया कि वह गांजे के नशे में था और पहले भी नशा मुक्ति केंद्र में रह चुका था। पूछताछ में उसने कहा कि उसे उसके घरवाले पसंद नहीं हैं, इसलिए वह सुसाइड करने जा रहा था।

### दिल्ली पुलिस ने लूटपाट व हत्या के मामलों में वांछित अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में हत्या, लूटपाट और हत्या की कोशिश जैसे कई मामलों में वांछित एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी किशोर (50) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि किशोर बार-बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा और उसे विभिन्न अदालतों ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। अधिकारी ने कहा, पुलिस दल को किशोर के जबलपुर(मध्य प्रदेश) में छुपे होने की सूचना मिली, जहां वह एक ट्यूशन सेंटर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि किशोर का आपराधिक इतिहास खंगालने पर उसके ऊपर दस गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाये गये, जिसमें 1995 में उत्तर प्रदेश में हत्या, मालवीय नगर में लूटपाट व शस्त्र अधिनियम तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई अपराध के मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि 1995 में अपने भाई की हत्या का बदला लेने के बाद वह जुर्म की दुनिया में आया।

## पार्क में खड़े होकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश होने पर हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पार्क से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश होने वाले एक वकील को फटकार लगाई है। जस्टिस गिरीश कथपलिया की बेंच ने कहा कि हाईब्रिड तरीके से सुनवाई का मतलब भी कोर्ट ही होता है, इसलिए कोर्ट की गरिमा का वीडियो कांफ्रेंसिंग के समय पेश होते समय भी ख्याल रखना चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन और दिल्ली की निचली अदालतों के सभी बार एसोसिएशन को निर्देश दिया कि वे वकीलों को हाईब्रिड कोर्ट में पेश होते समय कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखने के लिए जागरुक बनाएं. हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली की अदालतों में किसी वकील के लिए ये संभव नहीं है कि हर कोर्ट में फिजिकल रुप से पेश हो सके. इसके लिए वर्चुअल कोर्ट की स्थापना पर काफी खर्च भी किया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर कोई वकील अपने दफ्तर में बैठकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दूसरे कोर्ट की सुनवाई में पेश होना चाहता है तो उसे कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखते हुए कोर्ट का सहयोग करना चाहिए. कोर्ट ने कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि कनेक्टिविटी की वजह से कई बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये वकील की आवाज सुनाई नहीं देती है. कई बार वीडियो दिखाई नहीं देता है. कोर्ट ने कहा कि हाईब्रिड कोर्ट भी फिजिकल कोर्ट की तरह ही है. इसलिए वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होते समय वकील को भी कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। दरअसल, हाईकोर्ट एक अपील पर सुनवाई कर रही थी. सुनवाई के दौरान अपील करने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील पार्क में खड़े होकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हो रहे थे. जब कोर्ट इस मामले में आदेश लिखवाने लगा तब अपीलकर्ताओं के वकील ने वीडियो बंद कर दिया. इसकी वजह से कोर्ट ने अपीलकर्ताओं के वकील की उपस्थिति भी दर्ज नहीं की।





केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में फायरसाइड चैट पर चर्चा करते हुए।

## फडणवीस ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी, बोले- योगी सरकार के आयोजन को याद रखेगी दुनिया



ठाणे (ए)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता और बेटी दिविजा के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इसके बाद फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं आज अपने परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल हो सका। यहां की अद्भुत व्यवस्थाओं के लिए मैं योगी जी को बधाई देता हूं। महाकुंभ में आने वाला हर व्यक्ति खुश है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या से एक नया रिकॉर्ड बन रहा है। महाकुंभ के प्रबंधन और यहां आने वाले लोगों की संख्या देखकर दुनिया हैरान है।

अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी है।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ''सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही वैश्विक मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। वह गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के आशीर्वचन के पूर्व उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जगद्गुरु शंकराचार्य को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा उपहार भेंटकर उनका स्वागत किया।

## ऊर्जा सप्ताह 2025: भारत ने उज्जवल भविष्य के लिए कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने 'भारत ऊर्जा सप्ताह 2025' के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ये साझेदारियां भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और आधुनिक तकनीकों के साथ आगे बढ़ने में मदद करेंगी। इस आयोजन में भारत ने ऊर्जा आपूर्ति के विभिन्न स्रोतों को मजबूत करने और तेल एवं गैस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई अहम समझौते किए। मंत्री के अनुसार, ये समझौते भारत को शक्तिशाली और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे। भारत ने कच्चे तेल के आयात के लिए ब्राजील की कंपनी पेट्रोब्रास के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) 6 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदेगा। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी एडीएनओसी ने एक बड़ा समझौता किया है, जिसमें 2026 से शुरू होकर अगले 14 वर्षों तक भारत को 1.2 मिलियन टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति की जाएगी। इस सौदे की कुल कीमत 7 बिलियन बताई जा रही है। इसी तरह, बीपीसीएल और एडीएनओसी ने 2.4 मिलियन टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए पांच साल का करार किया है, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत अब क्षेत्रीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका बढ़ा रहा है। इसी दिशा में, आईओसीएल ने नेपाल की योग्या होल्डिंग्स के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत ओडिशा के धामरा टर्मिनल से हर साल 1,000 मीट्रिक टन एलएनजी नेपाल को भेजा जाएगा।

## ट्रम्प ने सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ लगाया, पूर्व राजदूत ने पूरा गणित समझाया



नई दिल्ली (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए पारस्परिक टैरिफ पर अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत और भाजपा नेता तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प का मानना है कि टैरिफ एक तरीका है जिसके द्वारा आर्थिक संतुलन बनाया जा सकता है। भारत असंतुलन वाले सबसे बड़े देशों में से एक नहीं है। अन्य देश हैं, और उनमें से कई संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोगी हैं, इसलिए ऐसा नहीं है कि यह भारत की ओर निर्देशित था। उन्होंने कहा कि यदि आप यात्रा से पहले प्रधान मंत्री मोदी के ट्वीट को देखें, तो व्यापार महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक था, और इस पर चर्चा की गई थी बैठक में उन्होंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का स्पष्ट लक्ष्य रखा है और दोनों पक्षों द्वारा द्विपक्षीय व्यापार बाधाओं, बाजार पहुंच पर ध्यान देने की भी प्रतिबद्धता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात दस्तखत किए। ट्रम्प ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप लगाया।

# पीएम मोदी-राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक



नई दिल्ली (ए)। भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल एक खोज समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगा। चयन समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं। 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे। पारंपरिक परंपराओं के अनुसार, पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पहले, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया गया था। सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर नए कानून के अनुसार, एक खोज समिति पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा विचार करने के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट करती है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं. उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। सीईसी के अलावा, राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से बनी रिक्ति को भरने के लिए एक नए ईसी की भी नियुक्ति की जा सकती है।

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है, इसका उपयोग पिछले साल अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के कारण बनी रिक्तियों को भरने के लिए ईसी ज्ञानेश कुमार और संधू को नियुक्त करने के लिए किया गया था।

## महाकुंभ में स्नान जारी, सीएम योगी आदित्यनाथ ने जाम को लेकर दिए सख्त निर्देश

महाकुंभ नगर, (आनएनएस)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान जारी है। शुक्रवार को यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। महाकुंभ में शुक्रवार होने के कारण भीड़ बढ़ने लगी है। कल शनिवार और फिर रविवार है। ऐसे में प्रशासन का अंदेशा है कि सप्ताह के आखिरी में एक बार फिर भीड़ बढ़ सकती है। इसको देखते हुए इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ में मीटिंग की। महाकुंभ में यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम न लगे। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। दरअसल, प्रयागराज में कुंभ जाने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी जाना चाहते हैं। इसे लेकर जाम के हालात बन रहे हैं। अमेठी, सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर में जाम लग रहा है। कई बाहरी राज्यों की गाड़ियां जाम में फंस रही हैं। उधर, महाकुंभ में सफाई कर्मियों की तरफ से एक साथ घाटों की सफाई का अभियान चलाया जाएगा। महाकुंभ में शुक्रवार को 40.02 लाख लोगों ने स्नान किया है। वहीं, 13 फरवरी से आज तक 49.14 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। शुक्रवार को भी कई अतिविशिष्ट लोग त्रिवेणी में स्नान के लिए आएंगे।





राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू कर्नाटक के बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करती हुई।

## जम्मू कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास करीब छह किलोग्राम हेरोइन जब्त



श्रीनगर (ए.)। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के नजदीक एक गांव में पुलिस ने शुक्रवार को करीब छह किलोग्राम हेरोइन जब्त किया। जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले दो हेरोइन तस्करों के खुलासे पर यह बरामदगी की गई। उन्होंने बताया कि यह खेप सीमा पार से तस्करी कर लाई गई और एक सुनसान जगह पर छिपाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में कुछ और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में बदला मौसम का मिजाज, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट



नईदिल्ली,(आरएनएस)। देशभर में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है. ज्यादातर राज्यों में सर्दियां अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही हैं. हालांकि बीते कुछ दिनों में मौसम का मिजाज सर्द के बजाय गर्म हो रहा है. लेकिन बीते 24 घंटों में उत्तर भारत में एक बार फिर बर्फीली हवाओं ने लोगों को सर्दी का ऐहसास कराया है. हालांकि दिन में तेज धूप लोगों को गर्म कपड़े न पहनने की ओर से इशारा कर रही है. इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है. आईएमडी ने बताया कि आने वाले कुछ दिन किन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बन रहे हैं। आईएमडी के मुताबिक उत्तर भारत में आने वाले कुछ दिनों तक सर्दी का ऐहसास बना रहे हैं. यहां पर फिलहाल पछुआ हवाएं चल रही हैं. पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से कई इलाकों में मौसम का मिजाज शुष्क बना हुआ है. वहीं कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी के भी आसार हैं. इनमें पश्चिमी यूपी समेत कुछ हिस्से हो सकते हैं। आईएमडी के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज सर्द हवाओं वाला रहने के आसार हैं. गुरुवार के तापमान की बात की जाए तो 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं 14 फरवरी वेलेंटाइन डे के दिन भी पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिलेगा. ऐसे में कई इलाकों में बादल छाए रहने की उम्मीद है। मैदानी इलाकों की बात करें तो राजस्थान में भी तापमान में कमी देखने को मिल रही है, जो आने वाले दो दिन तक ऐसे ही बने रहने की संभावना है. आईएमडी के मुताबिक राजस्थान में आने वाले 48 घंटे मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# ऑनस्क्रीन दामाद हर्षद चोपड़ा संग रोमांस करेंगी शिवांगी जोशी, एकता कपूर के नए शो में बनेगी जोड़ी



एकता कपूर के शोज हमेशा ही चर्चा में रहते हैं. अब वो एक नया शो लेकर आ रही हैं. इस शो में लीड रोल कौन प्ले करेगा इसे लेकर चर्चाएं हैं. पहले खबरें थीं  कि एकता ये है मोहब्बतें स्टार दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल को एक बार फिर से साथ लाने जा रही हैं, लेकिन उनका ये प्लान काम नहीं किया. अब रिपोर्ट्स हैं कि एकता ने हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी को फाइनल कर लिया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, पहले शिवांगी की जगह प्रणाली राठौड़ को इस रोल के लिए कास्ट करने की खबरें थीं. क्योंकि प्रणाली और हर्षद ने पहले शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम किया था. दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री को फैंस बहुत पसंद करते थे. लेकिन अब शिवांगी को इस रोल के लिए साइन कर लिया गया है. अब शो में शिवांगी और हर्षद को रोमांस करते देखा जाएगा.

नई रिपोर्ट्स हैं कि शो सोनी टीवी पर ऑनएयर होगा. इसका टेंटेटिव टाइटल डिसाइड हो गया है. शो का टेंटेटिव टाइटल बहारें होगा. हालांकि, अभी तक किसी भी अपडेट को लेकर ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं है.

बता दें कि शिवांगी जोशी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में प्रणाली की मां का रोल प्ले किया था. शिवांगी नायरा के रोल में थीं. वहीं हर्षद शिवांगी के दामाद के रोल में थे. हर्षद शो में अभिमन्यु बिरला के रोल में थे. वर्क फ्रंट पर शिवांगी को पिछली बार एकता कपूर के ही शो बरसातें में देखा गया था.

वहीं प्रणाली की बात करें तो उन्हें एकता कपूर के शो कुमकुम भाग्य में कास्ट करने की खबरें आ रही हैं. प्रणाली इस सो में प्रार्थना के रोल में नजर आ सकती हैं.




# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का मोशन पोस्टर जारी, आज आएगा ट्रेलर

एक्टर जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ली में इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसे फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में मेकर्स ने रिलीज डेट और ट्रेलर रिलीज डेट से पर्दा उठाया है।

जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर कर रहे है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। वही इस फिल्म का ट्रेलर कल यानी वेलेंटाइन डे के दिन रिलीज होने वाला है। इस मोशन पोस्ट में जॉन का धांसू अवतार दिखने को मिल रहा है। टी-सीरीज ने पोस्ट शेयर कर जानकारी दी कि-द डिप्लोमैट का ट्रेलर आज यानी 14 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज होगा। इस पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा-जब उम्मीद खत्म होती दिख रही थी, तब एक डिप्लोमैट ने बाधाओं को चुनौती देने का साहस किया। इस पोस्टर को देखने के बाद एक यूजर ने लिखा-इंतजार नहीं हो रहा है। दूसरे ने लिखा-जॉन + सादिया + एक सच्ची कहानी = ब्लॉकबस्टर लोड हो रही है तीसरे ने लिखा-सिनेमाघरों में फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर सकता

# रि रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, लवयापा-बैडएस रविकुमार जैसी फिल्मों को चटाई धूल




वेलेंटाइन वीक चल रहा है, जिसके चलते बॉक्स ऑपिस पर थंडेल, बैडएस रवि कुमार और लवयापा जैसी फिल्में 7 फरवरी को रिलीज हुई. लेकिन इन सबके बीच साल 2016 में आई एक रोमांटिक म्यूजिकल फ्लॉप फिल्म भी सिनेमाघरों में आई, जिसने आते ही सिनेमा प्रेमियों के दिलों पर ऐसा राज किया कि फिल्म ने केवल 6 दिनों में ना केवल बजट की कमाई वसूली बल्कि खुद पर से फ्लॉप के टैग को हटाकर सुपरहिट का टैग ला दिया. हम बात कर रहे हैं हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन की 2016 में रिलीज हुई सनम तेरी कसम की, जो 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई है.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 15.50 करोड़ नेट की कमाई ओपनिंग वीकेंड पर करने के बाद फिल्म की रफ्तार वीकडेज पर धीमी देखने को मिली. लेकिन 14 करोड़ के बजट की कमाई वसूलते हुए फिल्म का कलेक्शन 6 दिनों में लगातार बढ़ता हुई नजर आया है. वहीं रि रिलीज का टोटल नेट कलेक्शन 6 दिनों 22 करोड़ पार हो गया है. जबकि वर्ल्डवाइड 27.96 करोड़ हो चुका है.  इसी के साथ उम्मीद की जा रही है कि दूसरे वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन बढ़ सकता है. जबकि विक्की कौशल की छावा इस हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

बैडएस रवि कुमार की बात करें तो हिमेश रेशमिया की लेटेस्ट फिल्म ने वर्ल्डवाइड 8.65 करोड़ की कमाई 6 दिनों में की है. जबकि भारत में फिल्म का कलेक्शन 7.76 करोड़ हो चुका है. वहीं आमिर खान के बेटे जुनैद खान और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म 6.65 करोड़ की कमाई वर्ल्डवाइड कर पाई है. जबकि भारत में यह आंकड़ा 6 दिनों में 6.27 करोड़ का है. गौरतलब है कि 14 फरवरी को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो रही है, जिसकी चर्चा जोरों शोरो से हो रही है.

# मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना इक वारी जारी, 21 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बन रही फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें पहली बार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी नजर आएगी।यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब निर्माताओं ने मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना इक वारी जारी कर दिया है।इक वारी में अर्जुन, भूमि और रकुल साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के पहले गाने गोरी है कलाइयां को भी काफी पसंद किया गया था। हर्ष गुजराल इस फिल्म में अजुर्न के दोस्त का किरदार निभा रहे हैं। खास बात यह है कि यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म है। मेरे हसबैंड की बीवी की कहानी प्रेम त्रिकोण पर आधारित होगी। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं।

# रिवीलिंग गाउन पहन अमायरा दस्तूर ने इंटरनेट पर मचाया बवाल



बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर अपने फैशन सेंस के लिए लोगों के बीच काफी फेमस हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया स्टार हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।अमायरा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट एंड गॉर्जियस नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस के गाउन का डिजाइन बेहद ही क्लासी लग रहा था। थाई हल्का सा कटआउट लुक देकर अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। बता दें कि फैशन इंडस्ट्री में एक्ट्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से यह साबित हो गया है कि वो न केवल एक्ट्रेस हैं बल्कि फैशन आइकन भी बन चुकी हैं।

# बच्चा होने के बाद क्या आपको भी आता है बार-बार रोना चिड़चिड़ेपन और गुस्से के पीछे होती है खास वजह



मां बनने के बाद महिला का जीवन पूरी तरह बदल जाता है. 9 महीने तक बच्चे को अपनी कोख में रखने के बाद जब महिला बच्चे को जन्म देती है तो एक तरह से महिला का भी वो नया जन्म होता है. जो प्यार, स्नेह, जिम्मेदारियों से भरा होता है. इस समय नई मां कई तरह के शारीरिक और मानसिक उतार-चढ़ाव से गुजरती है.  इस दौरान उन्हें बार-बार रोना आता है. वो बहुत चिड़चिड़ी हो जाती हैं. उन्हें बात-बात पर गुस्सा आने लगता है.

वो दिन-रात तनाव में रहती हैं. उन्हें जिंदगी अधूरी सी लगती है. ऐसा क्यों होता है, क्या आपको पता है इसके पीछे पोस्टपार्टम डिप्रेशन है.

रिपोर्ट्र के अनुसार, दुनियाभर में हर 7 में से 1 महिला को पोस्टपार्टम डिप्रेशन की समस्या हो सकती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

## क्या होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन

बच्चे के जन्म के कुछ दिनों बाद मां को पोस्टपार्टम डिप्रेशन हो सकता है. यह एक गंभीर समस्या है. इसके अलावा ये डिलीवरी के पहले, दूसरे और तीसरे महीने में हो सकता है. ऐसा होने पर महिला को अबॉर्शन तक हो सकता है. इतना ही नहीं मृत बच्चा भी पैदा हो सकता है. इसमें मां का ध्यान बच्चे से हटने लगता है. उनका बच्चे से इमोशनल कनेक्शन भी खत्म होने लगता है.

पोस्टपार्टम डिप्रेशन के लक्षण

बार-बार रोना आना

चिड़चिड़ापन

मूड स्विंग होना

बात करने का मन न होना

बात-बात पर गुस्सा आना

बच्चे से लगाव न हो पाना

किसी काम पर फोकस न कर पाना

दर्द होना या किसी बीमारी का एहसास

सेल्फ कॉन्फिडेंस में कमी

क्यों होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन

हार्मोनल चेंजेस

परिवार या पार्टनर का सपोर्ट न होना

इमोशनल चेंज

प्रेगनेंसी में कॉम्प्लिकेशन

पहले से कोई हेल्थ प्रॉब्लम

## फैमिली हिस्ट्री

पोस्टपार्टम डिप्रेशन से कैसे करें बचाव

पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए इलाज और काउंसलिंग की जरूरत होती है. इससे एक महीने में इससे छुटकारा पाया जा सकता है.

पोर्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए अच्छी डाइट, भरपूर नींद लेनी चाहिए.

स्ट्रेस होने पर काउंसलर के पास जाना चाहिए.

वजन बढ़ने पर घबराने की बजाय डाइटिशियन की मदद लें.

परिवार और दोस्तों से मिलकर उनके साथ समय बिताएं.

# केसरी वीरः लीजेंड ऑफ सोमनाथ का धमाकेदार टीजर रिलीज, ऐतिहासिक बायोपिक में नजर आएंगे सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय

एक दिलचस्प ऐतिहासिक ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए। सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय की मच अवेटेड बायोपिक केसरी वीर: लीजेंड ऑफ सोमनाथ का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसका टीजर जारी कर दिया है, जिसमें फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प लग रही है। इसके कुछ सीन्स ऐसे हैं जिन्हें देखकर आपकी आंखे खुली की खुली रह जाएंगी।पैनोरमा स्टूडियोज ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, ឆकेसरीवीर - धरम, आस्था, और ឆसोमनाथ की पवित्र भूमि की रक्षा का संग्राम ឆहरहरमहादेव, लेजेंड्सऑफसोमनाथ ឆअनसंगवॉरियर्स 14 मार्च, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी हमीरजी गोहिल नाम के एक बहादुर योद्धा की है, जो पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा और हिंदू आस्था की रक्षा के लिए तुगलक साम्राज्य की ताकत के खिलाफ खड़े थे।

# शरीर में खून की कमी होने पर पैरों में होती है ये दिक्कत, जानिए हीमोग्लोबिन बढ़ाने का आसान तरीका



हमारा शरीर किसी भी तरह की दिकक्त होने पर अलग-अलग तरीके से संकेत देता है. अंदरूनी तकलीफ होने पर इसके लक्षण कभी चेहरे पर दिखते हैं तो कभी हाथ-पैरों में. शरीर में जब हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है, तो पैरों में इसका असर दिखने लगता है.  शरीर में ब्लड की कमी होने पर एनीमिया नाम का रोग हो जाता है. इसके चलते चक्कर आना, थकान, चेहरे का रंग पीला पड़ने जैसी समस्याएं होती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए बताया कि शरीर में खून की कमी होने पर क्या दिक्कत होती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

## खून की कमी होने पर पैर हमेशा रहते हैं ठंडे

उन्होंने बताया कि अगर आपके पैर हर वक्त ठंडे रहते हैं या फिर पैरों में मोजे या जूते पहनने के बाद भी ठंडापन बना रहता है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि शरीर में आयरन की कमी हो. आयरन ही हीमोग्लोबिन का निर्माण करता है. इससे ऑक्सीजन को शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाने में मदद करता है. इसकी कमी से रक्त संचार प्रभावित होता है. जिसके चलते पैरों में ठंडापन बना रहता है.

## शरीर में ब्लड कम होने पर पैरों में होती झुनझनी या सुन्नता

जिन लोगों के शरीर में हीमोग्लोबिन कम होता है तो उनके पैरों में ताकत की कमी हो सकती है. पैरों में बार-बार झुनझनी या सुन्नता हो सकती है. जब शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं होता है, तो नसों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है,जिससे यह समस्या हो सकती है.

शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए क्या करें

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, सरसों खाएं.

सूखे मेवे, काले किशमिश, अंजीर, सूखा आलूबुखारा खा सकते हैं.

अनार और चुकंदर को डाइट में शामिल करें.

गुड़ और तिल का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है.

# अंडर-19 विश्व कप जिताने वाली शबनम गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब

## बोलीं-डब्ल्यूपीएल ऐसा टूर्नामेंट जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा



नई दिल्ली (ए)। अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत को लगातार दूसरी बार जीत दिलाने वाली तेज गेंदबाज शबनम शकील अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। कुआलालंपुर में विश्व कप जीतने की खुशी पर शबनम ने कहा कि अब उनका ध्यान गुजरात जायंट्स के लिए मैच जिताने पर है। डब्ल्यूपीएल 2025 की शुरुआत शुक्रवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से होगी, जिसमें शबनम अपनी गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब हैं।

विश्व कप जीतने के अपने अनुभव पर शबनम ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास था, क्योंकि एक बार विश्व कप जीतना ही बहुत बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन इसे दो बार जीतना यह साबित करता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है। उन्होंने यह भी माना कि भारत लौटने पर उन्हें इतने भव्य स्वागत की उम्मीद नहीं थी। मुझे गर्व महसूस हुआ और मैं सभी का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपीएल को लेकर शबनम काफी उत्साहित हैं और इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानती हैं।उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा। खासतौर पर विदेशी और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है। डब्ल्यूपीएल के पिछले सीजन में गुजरात जायंट्स के लिए डेब्यू करने वाली शबनम ने नेट साइवर-ब्रंट का विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी थी, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में उनकी घातक गेंदबाजी ने सभी का ध्यान खींचा था, जब उन्होंने एलिसा हीली, चामरी अथापथु और अपनी अंडर-19 साथी श्वेता सेहरावत को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया था। शबनम शकील की नजरें अब डब्ल्यूपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने पर टिकी हैं, जिससे उनका क्रिकेट करियर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

# कतर ओपनः स्वीयाटेक ने क्वार्टर फाइनल में रिबाकिना को हराकर दोहा में लगातार 15वीं जीत दर्ज की

दोहा, ,(आरएनएस)। तीन बार की गत विजेता और पूर्व विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में एलेना रिबाकिना को 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में वापसी की, जिससे क़तर ओपन में उनकी कुल लगातार 15वीं जीत दर्ज हुई।

पिछले साल के चैंपियनशिप मैच के रीमैच में, स्वीयाटेक ने दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4-4 पर दो ब्रेक पॉइंट बचाए, और 1 घंटे और 36 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की।

यह जीत स्वीयाटेक की 121 मैचों में डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर 100वीं जीत है - जिससे वह सेरेना विलियम्स के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने ऐसा करने के लिए 115 डब्ल्यूटीए 1000 मैच खेले हैं।

पिछले महीने यूनाइटेड कप में रिबाकिना को हराने के बाद स्वीयाटेक ने अब कजाख खिलाड़ी के खिलाफ अपना सर्वकालिक रिकॉर्ड 4-4 कर लिया है और वह 2000 के बाद से एक ही इवेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली दूसरी डब्ल्यूटीए खिलाड़ी बनने की अपनी खोज में लगी हुई हैं। लेकिन स्वीयाटेक को फाइनल मैच में एक और स्थान पाने के लिए 2016 दोहा फाइनलिस्ट जेलेना ओस्टापेंको के खिलाफ पांच प्रयासों में पहली जीत हासिल करनी होगी।0 स्टापेंको ने गुरुवार को तीसरे क्वार्टरफाइनल में ओन्स जाबौर को 6-2, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टरफाइनल में, गैरवरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को एक घंटे 42 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# लीजेंड 90 लीगः दिल्ली रॉयल्स की एक और जीत, बिपुल शर्मा ने खोला लीग का पहला पंजा

रायपुर (छत्तीसगढ़)(आरएनएस)। दिल्ली रॉयल्स ने लीजेंड 90 लीग के 14वें मुकाबले में दुबई जायंट्स को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिपुल शर्मा ने लीग में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया। उनकी घातक गेंदबाजी के चलते दुबई जायंट्स की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी, जिसे बड़ी आसानी से दिल्ली ने 9 ओवर में ही हासिल कर लिया।टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की गैरमौजूदगी में टीम की कमान बिपुल शर्मा ने संभाली और धारदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी खेमे को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 4 ओवरों में 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए और दुबई जाइंट्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ के रख दी। बिपुल के अलावा प्रवीण गुप्ता ने दो और परविंदर अवाना ने एक सफलता हासिल की।छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह तेज शुरुआत की। पुनीत बिष्ट ने 15 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली तो एंजेलो परेरा ने 22 गेंदों में 39 रन बनाए, अंत में अनुरीत सिंह ने दो छक्के जड़कर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।जीत के बाद गेंदबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्लेयर ऑफ द मैच बिपुल शर्मा ने कहा, पिछले चार मैचों से मैं शिखर धवन को कप्तानी करते देख रहा था और वही रणनीति अपनाने की कोशिश की। पिच अच्छी थी, इसलिए मैंने गेंद को हवा में फ्लाइट देने और विविधता लाने पर ध्यान दिया। मैं बल्लेबाजों को पढ़कर अपनी गेंदबाजी में बदलाव कर रहा था, जिसका फायदा भी मिला।प्लेऑफ के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए बिपुल शर्मा ने कहा कि, हम ज्यादा आगे की नहीं सोचते, हमारा लक्ष्य है कि अपना स्वाभाविक खेल खेलें और एक-एक मैच पर ध्यान दें। अगर जरूरत पड़ी तो बाद में नेट रन रेट पर भी विचार करेंगे, लेकिन अभी हमारा फोकस सिर्फ अगले मैच पर है।इस जीत के साथ दिल्ली रॉयल्स फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# कोहली ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच से पहले आरसीबी को शुभकामनाएं भेजीं

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सीजन के लिए फ्रेंचाइजी की महिला टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम गत विजेता के रूप में टूर्नामेंट में प्रवेश करती है और शुक्रवार को वडोदरा में टूर्नामेंट के पहले मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

आरसीबी द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कोहली ने आरसीबी को इस सीजन में अपनी लय जारी रखने और मैदान पर खुलकर खेलने की कामना की।

कोहली ने कहा, मैं महिला टीम को आगामी डब्ल्यूपीएल सीजन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। पिछले साल आपने जो किया वह अद्भुत है और मुझे उम्मीद है कि आप उसी लय को जारी रखेंगे और इस टूर्नामेंट में भी अपना आत्मविश्वास बनाए रखेंगे। प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जैसा कि हमने पिछले साल भी देखा था। मुझे यकीन है कि खिताब जीतने के बाद आप मैदान पर उतरेंगे और खुद को अभिव्यक्त करेंगे और पूरे भारत में प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन का आनंद लेंगे। मैं आपको आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले, आरसीबी ने गुरुवार को चोटिल आशा शोभना की जगह नुजहत परवीन को अनुबंधित किया। रेलवे की विकेटकीपर परवीन ने भारत के लिए 5 टी20 मैच खेले हैं और वह 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर आरसीबी से जुड़ेंगी।

गुरुवार को आरसीबी ने रजत पाटीदार को आईपीएल 2025 सीजन के लिए अपनी पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया।

# आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर पटेल का समर्थन किया

नई दिल्ली, ,(आरएनएस)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की भूमिका के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों की पहचान की है - अक्षर पटेल, केएल राहुल और फाफ डू प्लेसिस। उनका मानना है कि भारतीय क्रिकेट में हाल ही में अक्षर के बढ़ते कद को देखते हुए वह सबसे आगे हो सकते हैं। दिल्ली ने पिछले साल मेगा नीलामी से पहले अक्षर को 16.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, जो उनकी क्षमताओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। बाद में उन्होंने जेद्दा में नीलामी में केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये और फाफ डू प्लेसिस को 2 करोड़ रुपये में हासिल किया। अक्षर ने आईपीएल 2024 का शानदार सीजन खेला, जिसमें उन्होंने 7.65 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए और 12 पारियों में 131.28 की स्ट्राइक रेट से 235 रन भी बनाए। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि दिल्ली के पास तीन विकल्प हैं। उनके पास अक्षर पटेल और केएल राहुल हैं और उनके पास फाफ डू प्लेसिस भी हैं। उन्होंने अक्षर पटेल को रिटेन किया है। बापू का कद बढ़ रहा है। वह हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। वह भारतीय टी20 टीम के उप-कप्तान हैं उन्होंने कहा, वह चैंपियंस ट्रॉफी भी खेलेंगे और उन्हें भारतीय वनडे टीम में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है।

# अब खेल प्रतिभाओं की पहचान के साथ ही उन्हें निखारेंगे मैरी कॉम सहित कई पूर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली । प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जैसे ओलंपियन खिलाड़ियों की अगुवाई में बनी एक समिति अब उभरती हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ ही उन्हें निखारने का काम करेगी। इस समिति की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना रहेगा। ये समिति अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी और कोच का मूल्यांकन करने के बारे में भी सलाह देगी। इस समिति में सरकारी प्रतिनिधि और विभिन्न खेलों के सेवानिवृत्त प्रतिष्ठित भी एथलीट शामिल हैं।



समिति के अन्य उद्देश्यों में प्रतिभाओं की पहचान करना और सब-जूनियर एवं जूनियर स्तर के एथलीटों के विकास के लिए प्रशिक्षण संबंधी सलाह देना, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एथलीटों/टीमों के चयन पर नजर बनाऐ रखना भी शामिल है। इसके अलावा, समिति राष्ट्रीय शिविरों के दौरान कोचिंग सुविधाओं और राष्ट्रीय टीमों से जुड़े भारत/विदेशी प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का निरीक्षण व विश्लेषण करेगी। इस समिति में दिग्गज एथलीट शाइनी अब्राहम के अलावा निशानेबाज हीना सिद्धू सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं।

## विदेश समाचार

# यूक्रेन के परमाणु प्लांट पर रूस का ड्रोन हमला

कीव (आरएनएस)। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षतिग्रस्त रिएक्टर के ऊपर स्थित रेडिएशन शेल्टर को निशाना बनाया। जेलेंस्की ने कहा कि रात में हुए हमले में प्लांट की नष्ट हो चुकी चौथी बिजली यूनिट की छत पर आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि शुक्रवार सुबह तक प्लांट में विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा था। जेलेस्की ने एक्स पर फुटेज पोस्ट की जिसमें एक विस्फोट और कंक्रीट और स्टील से बनी विशाल शील्ड का नुकसान दिखाई दे रहा है। यह शील्ड रेडियोएक्टिव मटेरियल के रिसाव को रोकने के लिए डिजाइन की गई है। यह 275 मीटर (900 फीट) चौड़ी और 108 मीटर (354 फीट) ऊंची है और इसके निर्माण में .1.6 बिलियन की लागत आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि रात में हुए विस्फोट के कुछ ही मिनटों के भीतर अग्नि सुरक्षा कर्मियों और वाहनों ने प्रतिक्रिया दी।

# पूर्वी कांगो में हथियारबंद लोगों ने बच्चियों के साथ किया दुष्कर्म, यूनिसेफ ने दी जानकारी



डाकार,(ए)। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि कांगो के पूर्वी क्षेत्र में हथियारबंद व्यक्तियों ने सैकड़ों बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया और बड़ी संख्या में बच्चों को बाल सैनिकों के रूप में भर्ती किया है। खनिज से समृद्ध इस क्षेत्र में हाल के सप्ताह में संघर्ष और ज्यादा बढ़ गया है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि हमें उत्तर और दक्षिण किवु प्रांत में संघर्ष का सामना कर रहे लोगों द्वारा बच्चों के साथ किए गए गंभीर उल्लंघनों की भयावह जानकारियां मिली हैं, जिनमें दुष्कर्म और अन्य प्रकार की यौन हिंसा की शिकायतें शामिल हैं।

रसेल ने कहा कि एक महिला ने यूएन कर्मचारियों को बताया कि कैसे उसकी छह बेटियों में से सबसे छोटी बेटी (12) के साथ हथियारबंद व्यक्तियों ने दुष्कर्म किया। कांगो गणराज्य में यूनिसेफ की संचार प्रमुख लियान ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े लोगों ने 27 जनवरी से 2 फरवरी के बीच दुष्कर्म के 572 मामलों की सूचना दी, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 5 गुना ज्यादा है।

# भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका, ट्रंप बोले- कई अरब डॉलर तक बढ़ाएंगे सैन्य बिक्री

वाशिंगटन , (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा। इसके साथ भारत अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस साल की शुरुआत में, हम भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक बढ़ाएंगे। हम अंततः भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं।

ट्रंप की वापसी के बाद पीएम मोदी का व्हाइट हाउस का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं इस बात की सराहना करता हूं कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा अमेरिका को सर्वोच्च रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की तरह, मुझे भी भारत के हितों को सर्वोच्च रखते हुए काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर ट्रंप ने अपनाया सख्त रुख, जानें अवैध अप्रवासियों को लेकर क्या बोले पीएम मोदी

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। दो दिवसीय अमेरिकी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर मंत्रणा की, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति जताई और एक संयुक्त बयान जारी किया। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत करने के लिए कुछ अहम पहलुओं पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने खालिस्तानी मुद्दे पर, तो वहीं पीएम मोदी ने अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर मुखरता से अपनी बात रखी।प्रधानमंत्री मोदी ने अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर अपनी स्पष्ट राय रखते हुए कहा कि यह केवल भारत का मुद्दा नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है। जो लोग अवैध तरीके से दूसरे देशों में रह रहे हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जहां तक भारत और अमेरिका का सवाल है, अगर किसी व्यक्ति की भारतीय नागरिकता की पुष्टि हो जाती है और वह अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा है, तो भारत उसे वापस लेने के लिए तैयार है।पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस मुद्दे को यहीं समाप्त नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ एक कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि मानवाधिकार का भी मामला है। कई लोग बड़ी उम्मीदों के साथ दूसरे देशों में जाते हैं, लेकिन अधिकतर अवैध प्रवासी मानव तस्करी के जाल में फंस जाते हैं। हमें इन अपराधों से निपटने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और मानव तस्करी से जुड़े नेटवर्क को पूरी तरह से नष्ट करना चाहिए। भारत और अमेरिका इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।

# बांग्लादेश की खालिदा जिया की पार्टी को उम्मीद भारत शेख हसीना को भेजेगा वापस

## -बीएनपी का यह बयान यूएन की रिपोर्ट में किए दावे के बाद आया

ढाका,(ए)। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने कहा कि भारत उनकी प्रतिद्वंद्वी शेख हसीना को वापस उनके देश भेजेगा ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। बीएनपी का यह बयान यूएन की एक तथ्यान्वेषण रिपोर्ट में किए गए उस दावे के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले साल प्रदर्शनकारियों पर सुनियोजित तरीके से हमलों और हत्याओं के जरिये सत्ता में बने रहने की कोशिश की गई थी।



बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भारत को पिछले साल हसीना के प्रत्यर्पण के लिए किए गए अनुरोध का एक अनुस्मारक भेजा जाएगा। हसीना की अवामी लीग पार्टी के करीब 16 साल लंबे शासन का 5 अगस्त 2024 को छात्रों के आंदोलन के बाद पतन हो गया था, जिसके चलते शेख हसीना बांग्लादेश छोड़ भारत चली गई थीं।

बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि सामूहिक हत्याएं, मानवाधिकारों का उल्लंघन और लोकतंत्र और संस्थाओं का विनाश हसीना के आदेश पर किया गया। रिपोर्ट से यह भी साबित हुआ है कि हसीना एक फासीवादी हैं, जिन्होंने इस देश के लोगों को प्रताड़ित किया। आलमगीर ने कहा कि हम भारत सरकार से हसीना और उनके साथियों को तुरंत बांग्लादेश भेजने और उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए सरकार को सौंपने का आह्वान करते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

# यूएस दौरा रहा सफल’, वाशिंगटन से दिल्ली के लिए रवाना हुए पीएम मोदी

वाशिंगटन (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय अमेरिका यात्रा पूरी करके नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरे के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट के जरिए पुष्टि की है कि पीएम वाशिंगटन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पीएमओ हैंडल पर एक तस्वीर के साथ लिखा गया है- पीएम मोदी यूएस का सफल दौरा कर भारत के लिए रवाना हुए।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे थे और बृहस्पतिवार को भारतीय समयानुसार शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने उनकी मेजबानी की। यह बैठक खास रही क्योंकि यह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय वार्ता थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से भी मुलाकात की। इन बैठकों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई। भारत और अमेरिका ने रक्षा, ऊर्जा और अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में अपने सहयोग को व्यापक करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी बैठक बेहतरीन रही और इससे भारत-अमेरिका की मित्रता को नई गति मिलेगी। दोनों नेताओं ने व्यापार घाटा कम करने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति जताई।

## जिले में एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण

### परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 सीहोर जिला मुख्यालय के 03 परीक्षा केंद्रों पर 16 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा के सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07562-226856 है।कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण दल का गठित किया गया है। यह दल परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का निरंतर भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह ने बताया कि प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक परीक्षा होगी। जिसमें परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 09:30 बजे तक उपस्थित होना आवश्यक है। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पर उपस्थिती का समय 01:45 निर्धारित किया गया है।

# कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों, कार्यालय तथा अस्पताल का किया निरीक्षण

## अनुपस्थित डॉक्टरों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## कन्या शिक्षा परिसर के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा तथा रेहटी तहसील के अनेक स्थानों का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाड़कुई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर के भवन, भैरूंदा के एसडीएम एवं तहसील कार्यालय, आजीविका रूरल मार्ट एंव सलकनपुर देवीलोक का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### समय पर खुलें अस्पताल और उपस्थित रहे पूरा स्टाफ

कलेक्टर बालागुरू के. ने लाड़कुई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉ महेश पांडे तथा डॉ राजकुमार मीना के अनुपस्थित पाए जाने पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया को निर्देश दिए कि अनुपस्थित डॉक्टरों को कारण बताओं नोटिस जारी करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं अस्पताल के स्टाफ को अपने ड्यूटी समय पर उपलब्ध रहने तथा पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने



चिकित्सकों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों को त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

### भैरूंदा एसडीएम-तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने भैरूंदा तहसील कार्यालय तथा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन के सभी राजस्व संबंधी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व संबंधी काम समय सीमा में किए जाएं ताकि आमजन को पेरशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी सभी कार्यवाही का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखों का बेहतर ढंग से संधारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, नायब तहसीलदार संदीप गौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने रेहटी तहसील स्थित सलकनपुर में चल रहे देवीलोक निर्माण के कार्यों के साथ ही मंदिर परिसर के अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभी तक किए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखी और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करें और कार्यो की गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने देवीलोक के निर्माण एवं विकास कार्यों में गति लाते हुए सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि देवीलोक निर्माण के लिए स्वीकृत की गई डिजाइन और मापदण्डों के अनुसार ही सभी कार्य किए जाएं और सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने रेहटी तहसील के ग्राम मालीबायां में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नाबार्ड के सहयोग से संचालित आजीविका रूरल मार्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने आजीविका मिशन द्वारा संचालित किए जा रहे रूरल मार्ट का अवलोकन किया तथा समूह की महिलाओं से उनके द्वारा चलाई जा रही आर्थिक गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।

## पुलवामा के वीर शहीदों की स्मृति में एक भावपूर्ण श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया



सीहोर( निप्र)। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित हॉगवर्ड इंटरनेशनल हाई स्कूल में देर रात्रि को पुलवामा के वीर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजली समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक एलएन नामदेव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव आदि शामिल थे।शुक्रवार की देर रात्रि को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यहां पर वक्ताओं ने शहीदों को नमन किया। समिति के संचालक डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से युवा पीढ़ी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

## ओवरलोड, अनफिट एवं बिना पीयुसीसी वाहनों पर की गई कार्रवाई



सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा अनफिट यात्री बसों, ओवरलोडिंग वाहनों, बिना पीयुसीसी के संचालित वाहनों सहित सभी अनफिट वाहनों के संचालन को रोकने के लिए नियमित जांच और कार्रवाई की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी रीतेश तिवारी ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सभी अनफिट वाहनों के संचालन को रोकने के लिए की गई कार्रवाई में 08 फरवरी से 14 फरवरी तक 17 वाहनों पर कार्रवाई कर 22 हजार रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। उन्होंने बताया कि 08 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 17 हजार रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। इसी प्रकार बिना पीयुसीसी संचालित एक वाहन एवं अन्य धाराओं सहित कुल 09 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 05 हजार रूपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। उन्होंने कहा कि अनफिट वाहनों से संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की निरंतर चेकिंग की कार्यवाही जारी रहेगी।

## कार्यकर्ता को पार्टी के हर काम में निभाना चाहिए सहभागीता संगठन से बढ़े नहीं है मंत्री और विधायक, सर्वोपरी है संगठन : विधायक राय



सीहोर( निप्र)। शुक्रवार को कृष्णसेलीब्रेशन गार्डन में भोपाल नाका मित्र मंडल के द्वारा आयोजित नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेंवाड़ा के स्वागत सम्मान समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए विधायक सुदेश राय ने कहा की मंत्री,विधायक संगठन से बढ़े नहीं होते है सर्वोपरी संगठन ही होता है। संगठन में तपकर हीं पदाधिकारियों और जनप्रतिनियों का जन्म होता है। हमारे नये कप्तान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को भाजपा जिला कार्यालय सहित अन्य अनेक बड़ी सौगाते मिलने जा रही है। हर एक कार्यकर्ता को पार्टी के हर काम में सहभागीता निभाना चाहिए। उन्होने कहा की नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा अनुभवशाली है युवा मोर्चा अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए उन्होने संगठन और नागरिकों के लिए सराहनीय कार्य किए है। जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का संगठन और नपा संचालन का ज्ञान अब कार्यकर्ताओं को मिलने जा रहा है। विधायक सुदेश राय ने आगे कहा की उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठन और भी मजबूत होगा और हर एक कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलका काम करेगा उन्होने कहा की भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय एवं भाजपा नेता सन्नी महाजन समिमलित रहे तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के द्वारा की गई। मित्र मंडल के विजेन्द्र परमार, अजय राजपूत, प्रितेश राठौर, आशुतोष त्यागी, विजय तिवारी, मयंक राठौर, ललित त्यागी, अंकित राठौर, ललित राठौर, विवेक राय, दिलीप राठौर, आलोक ठाकुर, अंकित वशिष्ठ, गजेन्द्र सिंह सिसौदिया, शैलेन्द्र परमार, नीरज मेवाड़ा, जित्तू राठौर, जितेन्द्र बैरागी, प्रतीक जैन, गोलू राठौर के अलावा पार्षद और क्षेत्रवासियों के द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और विधायक सुदेश राय नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह पंवार,जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता जिला महामंत्री रवि नागले,कार्यालय मंत्री पंकज गुप्ता का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेटकर स्वागत कर सम्मान किया गया।

## मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी के लिये समन्वित प्रयास आवश्यक

सीहोर( निप्र)। मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को समन्वित प्रयास करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ताएँ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करें तथा प्रतिमाह उन्हें चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाय। मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में सुधार की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला पूरी संवेदनशीलता के साथ घर-घर जाकर गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करते हुए उन्हें प्रतिमाह व तिमाही में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएँ दें तथा उनकी जांच कराये ताकि वह महिलाएँ हाई रिस्क में न जा पाये।

## मालवीय बलाई समाज की बैठक 16 को

सीहोर(निप्र)। आखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संघ सीहोर के संयोजक बाबुलाल मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संघ सीहोर द्वारा मालवीय बलाई समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन सीहोर समिति की बैठक रविवार, 16 फरवरी 2025 को स्थानीय कबीर आश्रम गणेश मंदिर परिसर, सीहोर में 12 बजे आयोजित की गई है। सभी स्वजातीय बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

**सयोजक अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संघ जिला सीहोर**

### रविवार से बीएसआई पर आरंभ होगी कारपोरेट चैम्पियनशिप

सीहोर(निप्र)। शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर स्व. संतोष पांडे कप्तान की स्मृति में रविवार से शहर के बीएसआई मैदान पर कारपोरेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर पहला मैच सुबह साढ़े नौ बजे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए आयोजनकर्ता सीनियर खिलाड़ी चेतन मेवाड़ा ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए डीसीए सहित अन्य खिलाड़ियों को समिति में शामिल किया है।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के बीएसआई मैदान पर रविवार से होने वाली कारपोरेट चैम्पियनशिप में आधा दर्जन टीमों को शामिल किया गया है। जिसमें यंग स्टार, लालघाटी भोपाल, डीसीए, रिक्की रायल, शिक्षा विभाग और एडवोकेट सीहोर की टीम शामिल है। प्रतियोगिता का पहला मैच सुबह साढ़े नौ बजे यंग स्टार-रिक्की रायल और दूसरा मैच डीसीए-लालघाटी भोपाल के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान मैन आफ द सीरिज सभी मैचों के मैन आफ द मैच एवं क्षेत्ररक्षण, कीपर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने वालों को आकर्षक ट्राफी प्रदान की जाएगी।

## शब ए बारात पर पहली बार रोशनी हुई हजरत दुल्हाबादशाह बाबा की दरगाह

सीहोर(निप्र)। मुस्लिमों के द्वारा शब ए बारात के मौके पर गुरूवार की रात कब्रिस्तानों में अपने बुजुर्गो की कब्रो पर जाकर जन्नत के लिए दुआऐं की गई तो इधर पहली बार ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के द्वारा हजरत दुल्हाबादशाह बाबा की दरगाह को मोमबत्तियों से रोशन किया गया। खास बात यह रही की मुस्लिमों के साथ हिन्दुओं ने भी मजारों पर पहुंचकर शब ए बारात का ऐहतराम किया। दरगाह शरीफ पर लोबान अगरबत्ती किया गया और लोगों को हल्वे का प्रसाद बांटा गया। हजरत दुल्हाबादशाह बाबा की दरगाह में ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी जिलाध्यक्ष रिजवान पठान और महामंत्री पसमांदा मुस्लिम महासभा प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान सहित हाजी हमीद के द्वारा फातीह कुरान पाक पढ़ी गई।



जनाब नौशाद खान ने बताया की पहली मर्तबा हजरत दुल्हाबादशाह बाबा की दरगाह को शब ए बारात पर रोशन किया गया है अधिकतर मुस्लिम समाजजन कब्रिस्तानों में अपने अल्लहा को प्यारे हुए बुजुर्गो की याद में विघुत झालरें लगाते है जिराग जलाते है और मरहूम लोगों को जन्नत देने की दुआऐं करते है। दरगाह परिसर में एक हजार मोमबत्तियां लगाई गई है। शहर के कस्बा और गंज स्थित कब्रिस्तानों में देर रात तक लोगों का आना जाना लगा रहा।

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए की गई छापामार कार्रवाई

## कार्रवाई में जब्त किए गए 22 घरेलू गैस सिलेंडर



सीहोर(निप्र)। कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आष्टा तथा इछावर तहसील के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील कुमार बोहित ने बताया कि जांच के दौरान कोठरी के वीआईटी कालेज रोड़ स्थित मेहता रेस्टोरेंट से 03 सिलेंडर, रॉयल टी रेस्टोरेंट से 01 सिलेंडर, मिड नाईट फास्ट फूड से 01 सिलेंडर, मॉं अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से 03 सिलेंडर तथा उपसरपंच टी स्टॉल से 01 सिलेंडर जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम ब्रिजिशनगर स्थित राठौर टी स्टॉल, राठौर नाश्ता पाईंट, दीपक राठौर टी स्टॉल, जीजा की दुकान टी स्टॉल का औचक निरीक्षण कर घरेलु गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने पर 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा भांवोर,प्रकाश सिंह यादव सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई।

# भोपाल नाका मित्र मंडल ने किया नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत

## भाजपा में मेहनती कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मान-भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा

सीहोर(निप्र)। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं। एक-एक कार्यकर्ता मिलकर ही संगठन का निर्माण करता है। भाजपा में मेहनती कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। उक्त विचार शहर के भोपाल नाका मित्र मंडल के तत्वाधान में एक निजी गार्डन में स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहे। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का भव्य रूप कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बतौर विशेष अतिथि सीहोर विधायक सुदेश राय एवं भाजपा नेता सन्नी महाजन एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर जी द्वारा की गई। भोपाल नाका मित्र मंडल की ओर से विजेन्द्र परमार, अजय राजपूत, प्रितेश राठौर, आशुतोष त्यागी, विजय तिवारी, मयंक राठौर, ललित त्यागी, अंकित राठौर, ललित राठौर, विवेक राय, दिलीप राठौर, आलोक ठाकुर, अंकित वशिष्ठ, गजेन्द्र सिंह सिसौदिया, शैलेन्द्र परमार, नीरज



मेवाड़ा, जित्तू राठौर, जितेन्द्र बैरागी, प्रतीक जैन, गोलू राठौर के अलावा पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे।

इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कहा कि भोपाल नाका मित्र मंडल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने जो हमारा स्वागत किया है, उसका मैं आजीवन आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार के द्वारा सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मेरी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से अपील है कि वह इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारे जनप्रिय जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा युवा मोर्चा में पार्टी को नई ऊंचाई पर पहुंचाया था, इसके बाद उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष कार्यकाल में शहरवासियों की बुनियादी समस्याओं के साथ जो पेयजल योजना बनाई थी, उससे नगरवासियों की पेयजल समस्या को दूर किया था। भाजपा में सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। सभी को साथ लेकर चलने का हुनर भाजपा ही जानती है। केन्द्र और प्रदेशसरकार में समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर एवं कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं का आभार भाजपा नगर मंत्री आशुतोष त्यागी द्वारा व्यक्त किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com